इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ



02
प्रदेश की और मेरी उम्र लगभग एक समान



04
श्रीराम अवतार की पृष्ठभूमि

youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, सोमवार, 02 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 46, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

दिल्ली में 'इंडिया' गठबंधन की हुंकार...जवाब में: भाजपा का देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान

SIR पर सियासी संग्राम



राहुल का बड़ा दावा- मेरी बात सच होगी, ज्ञानेश कुमार जेल जाएंगे

मृदुभाषी। नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रविवार को विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन द्वारा कथित वोट चोरी, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के विरोध में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।

पिछले 25 दिनों के भीतर विपक्ष का यह 7वां संयुक्त प्रदर्शन था। इस चार घंटे चले कार्यक्रम में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी समेत विपक्षी गठबंधन के प्रमुख नेताओं ने मंच साझा किया और केंद्र सरकार व चुनाव आयोग के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। वहीं दूसरी ओर, भाजपा ने इस रैली को 'सुपर फ्लॉप' करार देते हुए देश भर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाला।



ज्ञानेश कुमार रात को सो नहीं पा रहे हैं...

'**ज्ञानेश** कुमार रात को सो नहीं पा रहे हैं, वे डर रहे हैं क्योंकि उन्होंने देश की आवाज को दबाने और संविधान का गला घोंटने का सबसे बड़ा अपराध किया है। मेरी यह बात सच साबित होगी, ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से हटना पड़ेगा और वे जेल जाएंगे। न तो नरेंद्र मोदी और न ही अमित शाह सो पा रहे हैं, लेकिन हम नफरत नहीं बल्कि मोहब्बत की दुकान खोलने वाले लोग हैं। यह किसी एक पार्टी या नेता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का सत्याग्रह है। आपने जो वोट चोरी की है और देश को अडाणी के हाथों बेचा है, उसका पूरा हिसाब होगा और हम आपको भागने नहीं देंगे।'



भाजपा का तीखा पलटवार सिख नरसंहार की दिलाई याद

विपक्ष के इस महाअभियान के जवाब में भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली समेत देश के विभिन्न हिस्सों में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के बैनर तले जोरदार मार्च निकाला और विपक्ष की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने हरियाणा के रोहतक और अन्य नेताओं ने दिल्ली, महाराष्ट्र व हिमाचल प्रदेश में रैलियों का नेतृत्व किया। भाजपा ने विशेष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने रामलीला मैदान की इस रैली के लिए जानबूझकर 1 नवंबर का दिन चुना है, जो कि 1984 के सिख विरोधी दंगों का काला दिन है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और भाजपा नेताओं ने कहा कि आज के दिन देश को उन बेगुनाह सिखों और पीड़ितों के बलिदान को याद करना चाहिए था, लेकिन राहुल गांधी अपनी राजनीति चमकाने के लिए शहीदों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने आरोप लगाया कि



राहुल गांधी विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर देश के लोकतंत्र को चुनौती दे रहे हैं और उन्हें देश की 140 करोड़ जनता के बजाय घुसपैठियों पर अधिक भरोसा है। भाजपा ने यह भी याद दिलाया कि 2024 में ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त थे ही नहीं, वे तो 2025 में इस पद पर आए हैं, ऐसे में राहुल गांधी द्वारा 2024 के चुनावों को लेकर इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाना पूरी तरह से हास्यास्पद और उनके खुद के पद को अवैध ठहराने जैसा है।



मोदी-अमित शाह अपने वोट तय करते हैं

आज यह 'चलो दिल्ली' मार्च पूरी तरह ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह देश के युवाओं व महिलाओं के वोट छीनने की साजिश रच रहे हैं। वे खुद तय कर रहे हैं कि उनका वोटर कौन होगा। वर्तमान में चल रही केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और बिहार सरकार- यह सब चोरी की सरकारें हैं। मोदी जी अपने चेलों को बैठाकर जो वोट काटने का काम कर रहे हैं, उस तंत्र के खिलाफ हम यहां डटे हैं। केंद्र सरकार चाहे हमारे खिलाफ ईडी और सीबीआई की कार्रवाई करवा ले, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।



यूपी की सरकार वोट चोरी से बनी

जो लोग कभी उत्तर प्रदेश से आए थे, वे उत्तर प्रदेश से ही वापस जाएंगे। यूपी वाले स्वागत भी अच्छा करते हैं और विदाई भी अच्छी करते हैं; 2027 में इनकी विदाई पूरी तरह तय है। यह रामजी की लीला का मैदान है और जहां पाप होता है, वहां पापी का नाश भी निश्चित है। जिन्होंने चंदा चोरी, चढ़ावा चोरी और वोट चोरी की है, रामजी के सामने उनका नाश नहीं बल्कि सर्वनाश होगा। 2022 में यूपी में वोट चोरी से सरकार बनी थी और चुनाव आयोग को हथियार बनाकर बंगाल से लेकर पूरे देश में चुनाव को प्रभावित करने की साजिश रची जा रही है।



हमारा बंगाल लूट लिया: ममता बनर्जी

हम हारेंगे नहीं, जिंदगी देंगे लेकिन लड़ेंगे। हमारा बंगाल लूट लिया गया, लोकतंत्र और जनता के बुनियादी अधिकार लूट लिए गए। सिर्फ वोट नहीं, पूरी काउंटिंग वैनिश कर दी गई। हम हारे नहीं हैं, हमें साजिश के तहत हराया गया है। आपने देश के युवाओं की नौकरियां, जनता की जिंदगी और मां-बहनों का सम्मान लूटा है। इलेक्शन कमीशन और बीजेपी मिलकर 'यस पापा, लूट लिया यस पापा' का खेल खेल रहे हैं। बीजेपी का साथ यानी सबका सत्यानाश। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारुख अब्दुल्ला ने भी हमला बोला।



खाली कुर्सियों पर भाजपा का तंज: 'सुपर फ्लॉप' रैली

रामलीला मैदान में हुए इस शक्ति प्रदर्शन को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इसे सिरे से खारिज करते हुए एक 'सुपर फ्लॉप' शो करार दिया। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेसवार्ता के दौरान रैली के वीडियो और तस्वीरें साझा करते हुए दावा किया कि कांग्रेस 50 हजार की क्षमता वाले रामलीला मैदान को भी पूरी तरह नहीं भर पाई और मैदान का करीब 40 फीसदी हिस्सा खाली पड़ा था। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि विपक्ष द्वारा जिन 10 लाख लोगों



के जुटने का दावा किया जा रहा था, वे आखिर कहां गायब थे? पात्रा ने कहा कि केवल बड़े-बड़े दावे करने और राजनीतिक रैलियां आयोजित करने से कोई देश का नेता या प्रधानमंत्री नहीं बन जाता, क्योंकि प्रधानमंत्री पद के लिए 'पसीना' और 'मेहनत' की जरूरत होती है। भाजपा ने यह भी कहा कि तमाम विरोधी दलों के नेता और अनगिनत झंडे एक मंच पर इकट्ठा होने के बावजूद जनता ने इस राजनीतिक ड्रामे को पूरी तरह नकार दिया है और यह स्पष्ट हो गया है कि जनता अब विपक्ष के ऐसे भ्रामक हथकंडों के झांसे में आने वाली नहीं है।

धनतेरस पर मंत्री-विधायक संभालेंगे मोर्चा

'मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना' के तहत सरकार कराएगी फ्री पक्की रजिस्ट्री

मृदुभाषी। भोपाल

मध्य प्रदेश के उन लाखों परिवारों के लिए एक बहुत बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है, जिनके पास अपने घर या प्लॉट के पट्टे तो हैं, लेकिन मालिकाना हक साबित करने वाली पक्की रजिस्ट्री नहीं है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में 'मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना' की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि सिर्फ पट्टा होने से काम नहीं चलता, बल्कि पक्के राजस्व दस्तावेज ही भू-स्वामी को



उसकी संपत्ति का असली राजा बनाते हैं। सरकार ने अब ऐसे सभी भू-स्वामियों को उनकी संपत्ति की पक्की रजिस्ट्री बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है, जिसके तहत रजिस्ट्री पर लगने वाला स्टाम्प शुल्क राज्य सरकार खुद खजाने से भरेगी—यानी प्लॉट आपका, रजिस्ट्री आपकी, लेकिन जेब पर एक रुपया भारी नहीं पड़ेगा।

15 नवंबर तक 20 लाख रजिस्ट्रियां पूरा करने का लक्ष्य

समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव ई. रमेश कुमार ने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि 1 नवंबर 2026 की स्थिति तक प्रदेशभर में 12 लाख 87 हजार 252 रजिस्ट्रियों का काम सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। प्रशासन की अब यह कोशिश है कि आगामी 15 नवंबर तक इस आंकड़े को बढ़ाकर 20 लाख रजिस्ट्रियों तक पहुंचाया जाए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मैदान स्तर पर व्यापक जन-जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि एक भी पात्र व्यक्ति इस फ्री योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल भी मौजूद रहे।

EPFO ने वॉट्सएप सर्विसेज शुरू की

नई दिल्ली। EPFO ने अपने करोड़ों पीएफ खाताधारकों के लिए नियमों और सुविधाओं को बहुत आसान बना दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को EPFO के 74वें स्थापना दिवस पर दो बड़ी सुविधाओं की शुरुआत की पहला- वॉट्सएप सर्विसेज और दूसरा- बंद या डिएक्टिव EPF खातों का ऑटोमैटिक सेटलमेंट यानी अपने आप पैसा ट्रांसफर होगा।

मोदी ने मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

भोपाल। मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और राज्य की गौरवशाली विरासत, समृद्ध संस्कृति तथा प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा है कि यहां के मेहनती लोगों ने अपनी प्रतिभा और उद्यमशीलता के बल पर हर क्षेत्र में अभूतपूर्व और उल्लेखनीय योगदान दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना संदेश साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मध्य प्रदेश अपनी विश्वविख्यात ऐतिहासिक धरोहरों के कारण वैश्विक पटल पर एक विशिष्ट पहचान रखता है और आज कृषि, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर तथा इनोवेशन जैसे तमाम महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार नई ऊंचाइयों को छूते हुए तेजी से प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है।



टेरिटोरियल कमांड मॉडल खत्म, अब फंक्शनल सेक्टर मॉडल से होगी सुरक्षा

सीआईएसएफ में 56 साल बाद बड़ा बदलाव

मृदुभाषी। नई दिल्ली

देश के महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सामरिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने अपने 56 साल पुराने इतिहास में सबसे बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए आज से पुराना टेरिटोरियल कमांड मॉडल पूरी तरह समाप्त कर दिया है और उसकी जगह आधुनिक 'फंक्शनल सेक्टर मॉडल' को अपना



लिया है। अब तक फोर्स जोनल आधार पर काम करती थी, जिसके तहत मुंबई जैसे एक ही जोन के अधिकारी के पास पावर प्लांट से लेकर कोयला खदान तक की सुरक्षा की जिम्मेदारी होती थी और सुरक्षा व्यवस्था मिली-जुली रहती थी, लेकिन इस ऐतिहासिक बदलाव के बाद अब एक जैसी इंडस्ट्रियल यूनिट्स को एक ही छत के नीचे लाया गया है, जिससे देशभर के सभी पावर प्लांट, स्टील प्लांट और बंदरगाह अपने-अपने अलग डेडिकेटेड सेक्टर के अधीन कार्य करेंगे। इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल का सीधा असर देश के बिजली, कोयला, स्टील, पेट्रोलियम और नेचुरल गैस सेक्टर की इकाइयों पर पड़ेगा।

यह व्यवस्थाएं रहेंगी बाहर

हालांकि अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा और देश के एयरपोर्ट की सुरक्षा संभालने वाली सीआईएसएफ इकाइयां इस व्यवस्था से बाहर रहेंगी, क्योंकि वे पहले से ही एक विशिष्ट कमांड के तहत कार्य कर रही हैं। सीआईएसएफ ने इस बड़े कदम के पीछे स्पष्ट किया है कि इस बदलाव का मूल सिद्धांत यह है कि सुरक्षा केवल संपत्ति की भौगोलिक स्थिति के आधार पर तय नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह भी देखना जरूरी है कि वह संपत्ति क्या कार्य करती है।

मध्य प्रदेश का 71वां स्थापना दिवस इंदौर में उत्साह के साथ मनाया

कैलाश विजयवर्गीय बोले-प्रदेश की उम्र और मेरी उम्र लगभग समान, मैंने अपनी आँखों से बदलते देखा है विकास का दौर

मृदुभाषी। इंदौर

मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर रविवार को शहर के लता मंगेशकर सभागृह में एक भव्य जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में अनूठे अंदाज में कहा कि मध्य प्रदेश की स्थापना 1 नवंबर 1956 को हुई थी और उनका अपना जन्म 13 मई 1965 को हुआ है, इस प्रकार प्रदेश और उनकी उम्र लगभग समान है और उन्होंने अपनी आंखों के सामने इस प्रदेश को बदलते व तरक्की करते हुए देखा है।



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आगे कहा कि सरकार के कुशल कार्यकाल के दौरान विकास के हर मोर्चे पर अभूतपूर्व प्रगति हुई है और आज हमारा प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों की कतार में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि वर्ष 2003 में जहां प्रदेश की सिंचाई क्षमता मात्र सात लाख हेक्टेयर के आसपास सिमटी हुई थी, वहीं अब इसमें भारी विस्तार किया गया है और सरकार का स्पष्ट लक्ष्य इस रकबे को बढ़ाकर एक करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का है ताकि किसानों की समृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल सके। सड़क नेटवर्क और आधारभूत संरचनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में एक लाख किलोमीटर से अधिक मजबूत और आधुनिक सड़कों का जाल बिछाया गया है, जिससे आवागमन बेहद सुगम हुआ है और व्यापार तथा विकास की गति को अभूतपूर्व तेजी मिली है, साथ ही नर्मदा के पवित्र जल को हर गाँव तक पेयजल और सिंचाई के रूप में पहुँचाने के लिए लगातार युद्धस्तर पर प्रयास जारी हैं। स्थापना दिवस के इस रंगारंग मुख्य समारोह के दौरान हॉल परिसर में शासन की विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों और विभागीय योजनाओं पर आधारित एक आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया। इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा दी गई मनमोहक और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभागृह में मौजूद सभी दर्शकों का दिल जीत लिया, वहीं कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को मंच से मुख्य अतिथियों द्वारा हितलाभ भी वितरित किए गए। स्थापना दिवस के इस जश्न को और अधिक खास बनाने के लिए शहर के तमाम प्रमुख शासकीय भवनों को रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया था।

भंवरकुआं में यूपीएससी छात्रा की संदिग्ध मौत

मृदुभाषी। इंदौर



शहर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित देवेंद्र नगर के एक निजी हॉस्टल में रहकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही 20 वर्षीय छात्रा जूलिया उइके का शव संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला है। शनिवार शाम हुई इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मृतका मूल रूप से सिवनी जिले के लखनादौन की रहने वाली थी और शैलेंद्र उइके की पुत्री थी, जो मई 2026 में इस हॉस्टल में रहने आई थी।

इस दर्दनाक हादसे के बाद पहुंचे मृतका के परिजनों ने हॉस्टल की संचालिका स्वाति और बॉयज विंग की देखरेख करने वाले युवक शुभम जायसवाल पर अपनी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार बॉयज विंग का कर्मचारी शुभम अक्सर बातचीत करने के लिए गर्ल्स हॉस्टल के अंदर आ जाता था, जिसका जूलिया ने कड़ा विरोध किया था। इस बात को लेकर जूलिया और संचालिका स्वाति के बीच तीखी बहस हुई थी, जिसके बाद हॉस्टल प्रबंधन ने जूलिया को कमरा खाली कर बाहर निकालने की धमकी दी थी। जूलिया ने इस पूरे विवाद की जानकारी फोन पर अपने परिवार को भी दी थी। मृतका की मां ने बिलखते हुए बताया कि शुक्रवार को उनकी बेटी से लंबी बातचीत हुई थी, जिसमें जूलिया ने 3 नवंबर को अपने घर लखनादौन वापस आने की बात कही थी। लेकिन शनिवार दोपहर से शाम 4 बजे तक लगातार कॉल करने के बाद भी जब जूलिया ने फोन नहीं उठाया, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई और इसके कुछ ही घंटों बाद शाम को हॉस्टल प्रबंधन की ओर से परिजनों को उसकी मौत की सूचना दी गई। परिजनों की शिकायत और आरोपों को गंभीरता से लेते हुए भंवरकुआं थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच तेज कर दी है।

बाइक सवार चाचा-भतीजे का अपहरण कर मारपीट

रितिक यादव के बारे में पूछताछ कर बदमाशों ने डंडों से पीटा, राहगीरों के बीच-बचाव पर भागे आरोपी

मृदुभाषी। इंदौर



शहर के खुड़ैल थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर बाइक पर सवार होकर जा रहे चाचा-भतीजे को आधा दर्जन बदमाशों ने रास्ते में रोककर जबरन अगवा कर लिया और उन्हें नीलगिरी परिसर स्थित खदान पर ले जाकर रितिक यादव के बारे में पूछताछ करते हुए डंडों से जमकर मारपीट की, जिसके बाद राहगीरों के बीच-बचाव करने पर आरोपी मौके से फरार हो गए और पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों समेत उनके साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रितिक सिंह उर्फ रुद्रसिंह निवासी ग्राम बिहाड़िया अपने भतीजे अभिषेक पटेल के साथ बाइक (MP09-QA-9629) से सनन चाय कंपनी जा रहे थे, तभी शनिवार दोपहर शिवाजी राव कदम कॉलेज, तिल्लोरखुर्द के पास दो बाइकों पर सवार होकर आए कुणाल उर्फ टीटू गुर्जर, अनुज गुर्जर (दोनों निवासी ग्राम दूधिया), रोहित चौधरी निवासी तिल्लोर बामन टेकरी और उनके अन्य साथियों ने उन्हें घेरकर रोक लिया। आरोपी कुणाल गुर्जर ने रितिक सिंह से पूछा कि क्या वह रितिक यादव को जानता है और पहचान स्वीकार करने पर बदमाशों ने दोनों को अलग-अलग बाइकों पर जबरन बैठा लिया तथा नीलगिरी परिसर स्थित खदान पर ले गए, जहां रितिक यादव को छिपाकर रखने के बारे में पूछताछ की गई और जानकारी न होने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर कुणाल, अनुज, रोहित व उनके साथियों ने खदान के पास पड़े डंडों और थप्पड़ों से दोनों की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उनके मोबाइल भी टूट गए और मारपीट के दौरान पीड़ितों के पर्स व हाथ की अंगूठी भी गिर गई। घटना के दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों आनंद यादव और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर पीड़ितों को छुड़ाया, जिसे देखकर आरोपी मौके से भाग निकले। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद तीन नामजद आरोपियों और उनके अन्य साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और फरार आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

रामलीला मैदान में इंदौर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

कथित वोट चोरी पर केंद्र, चुनाव आयोग के खिलाफ गरजे नेता

मृदुभाषी। इंदौर



दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित कांग्रेस के विशाल प्रदर्शन में इंदौर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में अपनी सशक्त मौजूदगी दर्ज कराई। कथित वोट चोरी के गंभीर मुद्दे पर आयोजित इस राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के वेश में पहुंचे एक युवक को पकड़कर अनोखे अंदाज में 'ज्ञानू ज्ञानू येस पापा, जाइनिंग टू जेल ये पापा' और 'Gyanu It's Done Bro' जैसे तंज भरे नारे लगवाए, जो वहां मौजूद लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।

रामलीला मैदान में जुटे विशाल जनसैलाब को संबोधित करते हुए इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि आज पूरा देश इस प्रदर्शन को देख रहा है। लाखों की संख्या में उमड़ी भीड़ स्पष्ट बता रही है कि देश की जनता अब वोट चोरी के मुद्दे पर चुप बैठने वाली नहीं है और उसने इस तरह बनी सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि कांग्रेस की स्पष्ट मांग है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें और कार्यकर्ता यहां से यह संकल्प लेकर जा रहे हैं कि जब तक इस्तीफा नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इंदौर से कांग्रेस नेताओं का दिल्ली पहुंचने का सिलसिला शनिवार से ही शुरू हो गया था। जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े जहां शनिवार को ही कारों के बड़े काफिले के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए थे, वहीं शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे रविवार सुबह फ्लाइट से सीधे दिल्ली पहुंचकर प्रदर्शन स्थल पहुंचे। इस प्रदर्शन में पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, देवेंद्र यादव, अमित पटेल और रवि दांगी सहित इंदौर के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि इंदौर से लगभग 3 हजार कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक प्रदर्शन का हिस्सा बनने दिल्ली पहुंचे थे, जिन्होंने मंच व पूरे मैदान से चुनाव आयोग के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

वर्कआउट में गई जान

15 साल का कनिष्क खेल परिसर में गिरा

मृदुभाषी। इंदौर



इंदौर के अटल खेल परिसर में व्यायाम करते समय 15 वर्षीय किशोर की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कनिष्क बोयक के रूप में हुई है, जो स्कीम 78 का निवासी था। कनिष्क अपने 17 वर्षीय भाई दिव्यांश के साथ अटल खेल परिसर में नियमित वर्कआउट और एक्सरसाइज करने पहुंचा था।

परिसर में दोनों भाई साथ मिलकर वार्मअप एक्सरसाइज कर रहे थे। इसी दौरान कनिष्क अचानक जमीन पर गिर पड़ा। अपने छोटे भाई को अचानक गिरता देख दिव्यांश घबरा गया और उसे होश में लाने का प्रयास करने लगा। दिव्यांश ने तत्काल समझदारी दिखाते हुए कनिष्क को सीपीआर भी दिया, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। कनिष्क की हालत बिगड़ती देख दिव्यांश ने परिसर में आसपास व्यायाम कर रहे अन्य लोगों से मदद मांगी। वहां मौजूद लोग किशोर को तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने कनिष्क का परीक्षण किया और उसे मृत घोषित कर दिया। यह पूरी घटना शनिवार शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। रविवार दोपहर 2 बजे किशोर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक के रिश्तेदार हरीश बोयत ने जानकारी दी कि कनिष्क पिछले 2 से 3 साल से अटल खेल परिसर में नियमित रूप से व्यायाम करने जाता था। घटना के समय उसका बड़ा भाई भी साथ ही मौजूद था। दोनों भाई अपनी मां के साथ इंदौर के राजमोहल्ला क्षेत्र में रहते थे। उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका है।

रसोमा और एलआईजी सहित 4 प्रमुख चौराहों पर शुरू हुआ नया प्रयोग

मृदुभाषी। इंदौर



इंदौर शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने और आमजन को रोजाना लगने वाले जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा गठित सात सदस्यीय समिति ने एक नया पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके तहत शहर के चार प्रमुख चौराहों—रसोमा चौराहा, एलआईजी चौराहा, लेंटर्न चौराहा और हुकुमचंद घंटाघर चौराहे पर लेफ्ट टर्न को पूरी तरह फ्री रखा जाएगा, जबकि यातायात की गति में बाधा बनने वाले स्पीड ब्रेकर हटाने और रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों पर सख्ती से रोक लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शनिवार को हाई कोर्ट के अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) राहुल सेठी की अध्यक्षता में गठित समिति की पहली महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। एएजी राहुल सेठी ने बताया कि इन चारों चौराहों पर लेफ्ट टर्न की ओर सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनती है, जिसे देखते हुए परीक्षण के तौर पर शनिवार से ही नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। समिति इस प्रयोग के परिणामों का सूक्ष्मता से आकलन करेगी और इसके सफल रहने पर इस मॉडल को शहर के अन्य व्यस्त चौराहों पर भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त हाई कोर्ट द्वारा पूर्व में गठित समिति की रिपोर्ट भी मंगाई गई है, ताकि पुराने सुझावों का पुनर्मूल्यांकन किया जा सके, साथ ही शहर में हर महीने यातायात जागरूकता अभियान चलाने पर भी विचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इंदौर की यातायात व्यवस्था से जुड़ी याचिकाओं पर हाई कोर्ट में 30 नवंबर को सुनवाई प्रस्तावित है, जिसके दौरान समिति अपनी प्रगति और टेस्ट प्रोजेक्ट की विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश करेगी। समिति की अगली बैठक 10 नवंबर को तय की गई है। हाई कोर्ट द्वारा गठित इस सात सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति में एएजी राहुल सेठी, शासकीय अधिवक्ता डॉ. अमित भाटिया, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, इंदौर स्मार्ट सिटी के सीईओ, डीसीपी ट्रैफिक तथा आईआईटी दिल्ली के सिविल इंजीनियर अंशुल अग्रवाल को शामिल किया गया है।


चेकिंग देख नशे में धुत कार सवार ने लिया यू-टर्न

इंदौर। इंदौर के कनाडिया थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस चेकिंग देखकर एक कार चालक ने पकड़े जाने से बचने के लिए अचानक यू-टर्न ले लिया। वह करीब 300 मीटर दूर तेज रफ्तार में कार मोड़ रहा था, तभी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के एयरबैग खुल गए। इससे चालक की जान बच गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और शराब के नशे में ड्राइविंग करने के मामले दर्ज किए हैं।



इंदौर में 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी: जमीन गिरवी रखकर फाइनेंस कंपनी से लिया लोन

मृदुभाषी। इंदौर



शहर की क्राइम ब्रांच पुलिस ने बिजलपुर इलाके में स्थित एक कीमती प्लॉट को गिरवी रखकर फाइनेंस कंपनी से 60 लाख रुपये का लोन लेने और बाद में फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के जरिए उसी जमीन को दूसरे लोगों को बेचने के मामले में एक दंपती के खिलाफ शनिवार को धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है। आरोपी दंपती ने लोन की रकम चुकाने से साफ इनकार कर दिया और पैसे मांगने पर कंपनी संचालक को झूठे केस में फंसाने व गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी दीं, जिसके बाद डीसीपी के निर्देश पर यह पुलिस कार्रवाई की गई है।

क्राइम ब्रांच अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, नवलखा स्थित प्रेस्टीज टावर, इंदिरा कॉम्प्लेक्स में संचालित सोलफुल निधि लिमिटेड के संचालक शरद कुमार पोरवाल ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि क्रिस्टल अपार्टमेंट, बिजलपुर निवासी हकीमुद्दीन सैफी और उसकी पत्नी फातिमा सैफी ने 21 दिसंबर 2022 को बिजलपुर के पटवारी हल्का नंबर 10 स्थित अपना प्लॉट नंबर 461 (मस्किन-ए-सैफिया, क्षेत्रफल 1,500 वर्गफीट) कंपनी के पास विधिवत गिरवी रखकर 60 लाख रुपये का लोन लिया था। लेकिन लोन लेने के बाद दंपती ने न तो तय किस्तों का भुगतान किया और न ही मूल राशि लौटाई। कंपनी द्वारा नोटिस भेजे जाने पर जब मामले की जांच कराई गई, तो चौंकाने वाला सच सामने आया कि आरोपी दंपती ने 5 दिसंबर 2023 को इसी गिरवी रखी संपत्ति की कथित तौर पर फर्जी व कूटरचित रजिस्ट्री तैयार करवाकर उसे हुसैना रसूलवाला और जहरा रसूलवाला के नाम बेच दिया। यही नहीं, आरोपियों ने इसी आवासीय संपत्ति के फर्जी दस्तावेज तैयार कर चार-पांच अन्य बैंकों तथा निजी व्यक्तियों से भी भारी-भरकम कर्ज उठा लिया और वर्तमान में इस प्लॉट पर किसी तीसरे पक्ष द्वारा अनधिकृत निर्माण भी कराया जा रहा है।

2028 के विधानसभा चुनाव में जेन जेड वोटर बन सकते हैं सत्ता की चाबी, सोशल मीडिया पर बढ़ रही राजनीतिक दलों की सक्रियता

डिजिटल सियासत में कांग्रेस आगे, इंस्टाग्राम पर भाजपा से 5.20 लाख ज्यादा फॉलोअर्स

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। मध्यप्रदेश में वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां भले ही अभी शुरूआती दौर में हों, लेकिन राजनीतिक दलों के बीच युवाओं को अपने पाले में लाने की होड़ तेज हो गई है। चुनावी रणनीति अब केवल सभाओं, रैलियों और जनसंपर्क तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सोशल मीडिया भी राजनीतिक प्रभाव का बड़ा माध्यम बनता जा रहा है। खासतौर पर इंस्टाग्राम पर भाजपा और कांग्रेस के बीच फॉलोअर्स की संख्या को लेकर दिलचस्प तस्वीर सामने आई है। यहां कांग्रेस भाजपा से लगभग दोगुनी बढ़त बनाए हुए है। इंस्टाग्राम पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, मध्यप्रदेश भाजपा के आधिकारिक अकाउंट ***@bjp4mp*** पर करीब 6.80 लाख फॉलोअर्स हैं। इस अकाउंट से अब तक 22.6 हजार पोस्ट साझा की गई हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस के आधिकारिक अकाउंट ***@ifcmp*** पर करीब 12 लाख फॉलोअर्स हैं और यहां 24.6 हजार पोस्ट अपलोड की गई हैं।

इस तरह कांग्रेस के फॉलोअर्स की संख्या भाजपा से लगभग 5.20 लाख अधिक है। हालांकि, सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या को सीधे चुनावी लोकप्रियता या जनसमर्थन का पैमाना नहीं माना जा सकता, लेकिन यह डिजिटल पहुंच के लिहाज से एक अहम संकेत जरूर है।





मोबाइल बना सियासत का नया मैदान

आगामी विधानसभा चुनाव में जेन जेड यानी युवा मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह पीढ़ी सोशल मीडिया पर अधिक सक्रिय है और राजनीतिक घटनाक्रम को पारंपरिक माध्यमों के बजाय रील, मीम, वीडियो और डिजिटल कंटेंट के जरिए देखती-समझती है। रोजगार, शिक्षा, महंगाई, प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और युवाओं के भविष्य जैसे मुद्दे इस वर्ग की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। कांग्रेस ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की संख्या और युवाओं से जुड़े कंटेंट के जरिए अपनी डिजिटल मौजूदगी मजबूत की है। दूसरी ओर, भाजपा भी युवाओं को सोशल मीडिया से जोड़ने के लिए प्रयास कर रही है। भाजपा युवा मोर्चा की ओर से रील बनाओ, इनाम पाओ प्रतियोगिता शुरू की गई थी। इसमें प्रतिभागियों के लिए एक लाख रुपए तक के पुरस्कार की घोषणा की गई थी। हालांकि, इस पहल का पार्टी के फॉलोअर्स के आंकड़ों पर कितना असर पड़ा, यह स्पष्ट नहीं है।

2028 में डिजिटल पकड़ की परीक्षा

वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में करीब 65 लाख ञ्चिल्ले मतदाताओं की भूमिका निर्णायक हो सकती है। इनमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होगी, जो पहली या दूसरी बार मतदान करेंगे। ऐसे में राजनीतिक दलों के सामने इस वर्ग का भरोसा जीतने की चुनौती रहेगी। केवल आकर्षक रील और सोशल मीडिया पोस्ट से युवाओं को लंबे समय तक जोड़ना आसान नहीं होगा। उन्हें रोजगार, शिक्षा, भर्ती परीक्षाओं और महंगाई जैसे मुद्दों पर ठोस जवाब भी देने होंगे।फिलहाल प्रदेश की राजनीति में भाजपा की संगठनात्मक ताकत मजबूत मानी जाती है, वहीं इंस्टाग्राम के आंकड़े कांग्रेस की डिजिटल पहुंच को अधिक दशार्ते हैं। अब देखना यह होगा कि सोशल मीडिया पर दिखाई दे रही यह बढ़त कांग्रेस को जमीनी राजनीति में कितनी मदद पहुंचाती है और भाजपा युवा मतदाताओं के बीच अपनी डिजिटल पकड़ किस तरह मजबूत करती है। 2028 की चुनावी लड़ाई में सोशल मीडिया की भूमिका कितनी प्रभावी होगी?

सेना दिवस-2027 का शंखनाद, मुख्यमंत्री ने रोपा संकल्प वृक्ष

प्रदेश स्थापना दिवस: 55 जिलों की माटी से दिया एकता का संदेश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भोपाल। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर राजधानी भोपाल स्थित शौर्य स्मारक में सेना दिवस-2027 के बहुप्रतीक्षित आयोजनों की अनूठे अंदाज में शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को शौर्य स्मारक परिसर में 'संकल्प वृक्ष' का रोपण कर इन आयोजनों का शुभारंभ किया। 'मेरी माटी' अभियान के तहत प्रदेश के सभी 55 जिलों से लाई गई पवित्र मिट्टी को इस वृक्ष की जड़ों में अर्पित किया गया, जो मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, अखंडता और सामूहिक सहभागिता का अनूठा प्रतीक बनकर उभरा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना द्वारा लगाई गई विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस प्रदर्शनी में सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम, सामरिक क्षमता और आधुनिक तकनीकी नवाचारों को प्रदर्शित किया गया है। इसमें आगामी सेना दिवस परेड, रण हुंकार तथा एकीकृत युद्ध प्रदर्शन की भव्य झलकियां भी शामिल की गई हैं।



15 जनवरी को भोपाल में पहली बार मुख्य आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक और गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि 1 नवंबर से 15 जनवरी 2027 तक मध्यप्रदेश की धरती पर भारतीय सेना के शौर्य से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 जनवरी 2027 को पहली बार भोपाल में 'सेना दिवस' का भव्य मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों से प्रदेशवासियों और विशेषकर युवाओं को भारतीय सेना के अनुशासन, साहस तथा सामरिक पराक्रम को करीब से जानने व समझने का अवसर मिलेगा।

2027 को 'युवा वर्ष' के रूप में मनाएगी सरकार

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार अपने 5 वर्षों के कार्यकाल में हर साल को एक विशिष्ट वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित कर रही है। वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है, जबकि वर्ष 2027 को 'युवा वर्ष' के रूप में मनाया जाएगा। युवा वर्ष का शुभारंभ सेना के शौर्य और पराक्रम को समर्पित आयोजनों से होना प्रदेश के नौजवानों के लिए प्रेरणादायी है।

एनसीसी और अग्निवीर योजना से राष्ट्रसेवा

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने एनसीसी और अग्निवीर योजना की सराहना करते हुए कहा कि इनके माध्यम से युवाओं में अनुशासन, देशभक्ति और सैन्य प्रशिक्षण के संस्कार सुदृढ़ होते हैं।

उन्होंने 55 जिलों से मिट्टी के कलश लेकर आए विद्यार्थियों का विशेष रूप से अभिनंदन किया और कहा कि अलग-अलग बोलियों व परंपराओं के बावजूद हम सब एक सूत्र में बंधे हैं। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए रक्षा मंत्रालय, भारतीय सेना और एनसीसी का आभार व्यक्त करते हुए सेना के वीरों के बलिदान को नमन किया।

भाजयुमो में नियुक्तियों पर बवाल

कई जिलों के नए अध्यक्ष आए विवादों में

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भोपाल। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा 19 जिलों के अध्यक्षों और महामंत्रियों की घोषणा के बाद प्रदेश भर में भारी विवाद और असंतोष देखने को मिल रहा है। 29 अक्टूबर को जारी हुई इस सूची के बाद 24 से 48 घंटे के भीतर ही कई नवनियुक्त पदाधिकारी गंभीर आरोपों, पारिवारिक विवादों और पुलिस मुकदमों के घेरे में आ गए हैं। इस स्थिति ने संगठन के चयन मापदंडों और नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बालाघाट में अमन गांधी की जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की रात ही पारिवारिक विवाद थाने तक पहुंच गया। उनकी भाभी ने उन पर शराब के नशे में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, मंडला में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उत्कर्ष यादव के खिलाफ उनकी पत्नी द्वारा जून 2026 में दहेज में थार गाड़ी मांगने और प्रताड़ित करने की दर्ज कराई गई एफआईआर अब विरोध की मुख्य वजह बनी हुई है।

6 साल के लिए निष्कासित को वापसी कराकर बनाया जिलाध्यक्ष

सबसे चौंकाने वाला मामला नर्मदापुरम में सामने आया, जहाँ कुलदीप रघुवंशी को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। रघुवंशी को वर्ष 2023 में मारपीट के एक मामले के चलते पार्टी से 6 साल (2029 तक) के लिए निष्कासित किया गया था, लेकिन समय से पहले ही उनकी वापसी कराकर इतना बड़ा पद सौंपने से संगठन के भीतर गुटबाजी गहराने के आसार हैं।

सिवनी, इंदौर, सागर जिले में भी नियुक्ति पर नाराजगी

इसके अलावा, सिवनी में स्थानीय कोर ग्रुप और तैयार पैनल की सहमति को नजरअंदाज कर योगेश शिवहरे की नियुक्ति करने पर कार्यकताओं में नाराजगी है। इंदौर ग्रामीण में अजय सिंह पंवार की नियुक्ति से सामाजिक संतुलन बिगड़ने के आरोप लगे हैं, जहाँ लगातार तीसरी बार एक ही समाज (राजपूत) को प्रतिनिधित्व देने और उम्र सीमा को लेकर युवा नेताओं ने आपत्ति जताई है। सागर में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जसवंत राठौर के परिवार पर बीड़ी कारोबार और वित्तीय लेन-देन को लेकर पड़े आयकर विभाग के छापों का पुराना मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इन तमाम विवादों, आपराधिक मुकदमों और अंदरूनी खींचतान ने भाजयुमो की नई सूची को लेकर प्रदेश भाजपा की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं, जिससे निचले स्तर के समर्पित कार्यकताओं में असंतोष की लहर है।

धनतेरस पर मंत्री, सांसद अपने गांवों में करवाएंगे रजिस्ट्री

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भोपाल। मध्य प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों के भू-स्वामियों को उनकी जमीन के पट्टे की पक्की सौगात देने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना' को अब जनआंदोलन का रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित 'समत्व भवन' में इस योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए कि आगामी छह नवंबर यानी धनतेरस के दिन प्रदेश के सभी मंत्री, सांसद और विधायक अपने पैतृक ग्राम या अपनी पसंद के किसी अन्य गांव में उपस्थित रहकर शत-प्रतिशत रजिस्ट्रियां पूर्ण कराएंगे।

इस दौरान शत-प्रतिशत कार्य पूरा होने पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक लघु कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टरों को प्रभारी और स्थानीय मंत्रियों के साथ समन्वय कर इस लक्ष्य को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पात्रताधारियों को पक्की रजिस्ट्री मिलेगी

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत पात्रताधारियों को पक्की रजिस्ट्री कराकर दी जाएगी, जिसके लिए लगने वाले स्टाम्प शुल्क का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। यानी मकान या प्लॉट भू-स्वामी का होगा और रजिस्ट्री भी उसी के नाम होगी, लेकिन इसके लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा। प्रमुख सचिव राजस्व डॉ. ई. रमेश कुमार ने बैठक में जानकारी दी कि एक नवंबर तक प्रदेश में 12 लाख 87 हजार 252 रजिस्ट्रियां पूरी की जा चुकी हैं, और आगामी 15 नवंबर तक कुल 20 लाख रजिस्ट्रियां पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार इस निश्शुल्क रजिस्ट्री अभियान को व्यापक स्तर पर चलाकर प्रदेशवासियों को लाभान्वित कर रही है।

सुपारी देकर पिता ने कराई नशेड़ी बेटे की हत्या, पिता समेत आरोपी गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भिंड। देहात थाना पुलिस ने मानपुरा के पास बीहड़ में बोरी में मिले एक युवक के शव के अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है। बेटे की हत्या की साजिश किसी बाहरी ने नहीं, बल्कि उसके सगे पिता ने ही रची थी। नशे की लत और लगातार होने वाले घरेलू विवादों से तंग आकर पिता ने 3 लाख रुपये की सुपारी देकर अपने ही बेटे का कत्ल करवा दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी पिता सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के उरई स्थित शिवपुरी मोहल्ले का निवासी 26 वर्षीय रईस उर्फ शानू खान गंभीर रूप से नशे का आदी था। कई बार नशामुक्ति केंद्र में इलाज के बाद भी उसकी लत नहीं छूटी, जिससे तंग आकर उसके पिता रसीद खान ने उरई के ही मोहम्मद इजराइल खान, मुन्ना खान और गुड्डू खान को 3 लाख रुपये की सुपारी दी। 26 अक्टूबर को पिता अपने बेटे को ग्वालियर के नशामुक्ति केंद्र से बाहर लेकर निकला। रास्ते में तीनों



सुपारी किलर ने युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी और पहचान मिटाने की मंशा से शव पर नमक छिड़ककर उसे मानपुरा के पास बीहड़ में फेंक दिया।

रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

जांच के दौरान देहात थाना पुलिस ने घटना स्थल और आसपास के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दिखे एक संदिग्ध वाहन के मालिक ज्ञान सिंह से पूछताछ करने पर पता चला कि उसने गाड़ी इजराइल को किराए पर दी थी। पुलिस ने जब इजराइल को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने पूरे हत्याकांड का सच उगल दिया। देहात थाना टीआई शिवप्रताप सिंह राजावत के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज और सटीक जांच के आधार पर गाड़ी की पहचान कर पुलिस आरोपियों तक पहुंची।

फिलहाल पुलिस ने आरोपी पिता रसीद खान सहित चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सतना में12 लाख का 83 क्विंटल लहसुन जब्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

सतना। कृषि उपज मंडी समिति ने अवैध व्यापार और राजस्व चोरी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम राहुल सिलाड़िया के मार्गदर्शन में सचिव करुणेश तिवारी के नेतृत्व में मंडी जांच दल ने डेलौरा स्थित गांधी सब्जी बाजार में आकस्मिक निरीक्षण और छापेमारी की। इस दौरान बिना वैध अनुमति के भारी मात्रा में लहसुन का भंडारण और व्यापार पकड़ा गया।

जांच दल ने कार्रवाई के दौरान तीन दुकानों में अवैध रूप से लहसुन का भंडारण पाया। इन दुकानों से कुल 83 क्विंटल लहसुन जब्त किया गया, जिसका अनुमानित मूल्य 13 लाख 3 हजार 100 रुपये बताया जा रहा है। जांच में सामने आया कि सीहोर से उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (प्रयागराज) के लिए जारी अंतरराज्यीय गेट पास का दुरुपयोग कर लहसुन को सतना में अवैध रूप से खपाया जा रहा था। इसे मंडी शुल्क की चोरी और शासन को राजस्व क्षति पहुंचाने का मामला माना गया है। जांच दल ने एक फर्म से 48 क्विंटल लहसुन जब्त किया, जिसका अनुमानित मूल्य 7 लाख 53 हजार 600 रुपये है। ं, दूसरी फर्म से 35 क्विंटल लहसुन जब्त किया गया।

बंद दुकान भी सील, व्यापारी के घर में मौत की सूचना

जांच के दौरान एक अन्य दुकान बंद मिली। व्यापारी ने घर में किसी परिजन की मृत्यु होने के कारण दुकान बंद रखने की सूचना दी। फिलहाल जांच दल ने इस दुकान को भी सील कर दिया है। इस मामले में भी कार्रवाई की जा रही है।

मौसम **'अर्नब' तूफान और पश्चिमी विक्षोभ का असर, मध्य प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज**

बारिश और कोहरे के बाद अब बढ़ेगी ठंड

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भोपाल। चक्रवात 'अर्नब' और उत्तराखंड में हुई बर्फबारी के असर से मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार हो रही बारिश और ठंडी हवाओं के कारण दिन के तापमान में 6.6 डिग्री सेल्सियस तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, इसके उलट बादलों के छाए रहने के कारण रात का तापमान सामान्य से करीब 4.8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक बना हुआ है, जिससे रातें अपेक्षाकृत गर्म महसूस हो रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4 दिनों तक प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का यह दौर जारी रहने की संभावना है।

भोपाल मौसम केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तराखंड की बर्फबारी का सीधा असर ग्वालियर-चंबल संभाग पर देखा जा रहा है, जहाँ उत्तरी ठंडी हवाओं के चलने से अधिकतम तापमान में 6.2 से 6.6 डिग्री तक की गिरावट आई है। अमरकंटक, रीवा, सतना, पचमढ़ी, करौंदी, उमरिया, ग्वालियर और दतिया में दिन का पारा लुढ़ककर 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। दूसरी ओर, इंदौर, भोपाल, उज्जैन, नर्मदापुरम और ग्वालियर संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 से 4.8 डिग्री तक अधिक बना हुआ है।



विदिशा और टीकमगढ़ में घने कोहरे की चादर

रविवार सुबह विदिशा और टीकमगढ़ में घने कोहरे की चादर छाई रही। विदिशा में तो कोहरे के कारण दृश्यता (१३,'३८) घटकर मात्र 50 मीटर रह गई, जिससे वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से सफर करना पड़ा। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान चक्रवात के प्रभाव से जबलपुर, रीवा, सतना, सागर, पन्ना, नर्मदापुरम, राजगढ़, ग्वालियर और भिंड सहित प्रदेश के 26 जिलों में बारिश दर्ज की गई। मुरैना में हवा की रफ्तार 31 किलोमीटर प्रति घंटा तक रिकॉर्ड की गई। बेमौसम हो रही इस बारिश से खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है। इसके अलावा, खुले आसमान के नीचे मंडियों में बिक्री के लिए आया अनाज भी भीग गया है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है; उदाहरण के तौर पर पांढुर्णा में हजारों क्विंटल मक्का खराब होने की जानकारी सामने आई है। दिलचस्प बात यह है कि मध्य प्रदेश से मानसून की विदाई 3 अक्टूबर को ही हो चुकी थी, लेकिन सक्रिय मौसमी प्रणालियों के कारण अब भी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि नवंबर के दूसरे सप्ताह से उत्तरी हवाओं का प्रभाव बढ़ने के बाद ठंड में तेजी से इजाफा होगा। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में इसका असर सबसे ज्यादा दिखेगा।

कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने साड़ी के पल्लू को बांधकर खेली कबड्डी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मंडला। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को मंडला के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचीं प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को नया मंच देने के उद्देश्य से 'प्रोजेक्ट संधान' का औपचारिक शुभारंभ किया।

इस दौरान मंत्री अनोखे अंदाज में नजर आईं। उन्होंने साड़ी का पल्लू बांधकर मैदान में उतरते हुए ग्रामीण महिलाओं के साथ कबड्डी खेली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान छात्रावास की बालिकाओं के साथ नृत्य कर उनका उत्साहवर्धन भी किया।



युवा शक्ति प्रदेश का भविष्य

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि मध्यप्रदेश की प्राकृतिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत ही इसकी असली पहचान है। उन्होंने युवा शक्ति को प्रदेश का भविष्य बताते हुए कहा कि युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए सही मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करना बेहद जरूरी है। उन्होंने मंडला जिले में ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए शुरू की गई इस अनूठी पहल की जमकर सराहना की। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 'प्रोजेक्ट संधान' 1 नवंबर से 12 जनवरी तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत पंचायत, संकुल, विकासखंड और जिला स्तर पर महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

सम्पादकीय

दवा के दर्द फार्मा उद्योग पर मार

खाड़ी में अमेरिका-इस्राइल व ईरान के बीच जारी संघर्ष का प्रभाव केवल पेट्रोलियम पदार्थों पर ही नहीं, कृषि से लेकर दवा उद्योग पर भी असर दिखाने लगा है। इस संघर्ष ने अब हिमाचल और हरियाणा के दवा उद्योग को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। सर्वविदित है, ये क्षेत्र देश के दवा उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खासकर लघु एवं मध्यम उद्यमों के माध्यम से। लेकिन पश्चिमी एशिया में जारी अशांति के चलते, प्रमुख कच्चे माल की आपूर्ति में अचानक गंभीर व्यवधान पैदा हो गया है। दरअसल, इस संकट के मूल में जरूरी फार्मास्यूटिकल अवयवों यानी एपीआई, सॉल्वैंट्स और पेट्रोकेमिकल डेरिवेटिव्स की कीमतों में भारी वृद्धि होना है। दरअसल,



इनमें से कई कच्चे मालों की आपूर्ति पश्चिमी एशिया से होती है या इन देशों से लगते समुद्री मार्गों से होकर भारत पहुंचती है। एक तो इस इलाके में संघर्ष के चलते शिपिंग मार्गों पर भारी दबाव पड़ा है। वहीं ऊर्जा साधनों की कीमतों में अस्थिरता के चलते, कुछ क्षेत्रों में कच्चे माल की कीमतों में तीस प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। खासकर पैकेजिंग सामग्री, जो अधिकांशतः पेट्रोलियम पदार्थों पर आधारित होती है, वह भी खासी महंगी हो गई है। जिसके चलते प्रतिस्पर्धा के कारण पहले कम लाभ के मार्जिन पर काम कर रहे दवा उद्योग पर अतिरेक दबाव पड़ गया है। लेकिन इस संकट का दूसरा पहलू यह है कि इस व्यवधान का असर उद्योग पर वित्तीय कारणों से ही नहीं है, बल्कि श्रमिकों से जुड़े कारणों से भी है।

दरअसल, इस संकट के बीच प्रवासी श्रमिक भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ईंधन संकट और छोटे एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यक आपूर्ति में बाधा का असर श्रमिकों के दैनिक जीवन और कार्य स्थिरता को लेकर पड़ना शुरू हो गया है। ऐसे में प्रवासी श्रमिकों पर अत्यधिक निर्भर फार्मा इकाइयों के लिये यह व्यवधान उत्पादकता में गतिरोध पैदा कर सकता है। वास्तव में देखा जाए तो उद्योग की मजबूती केवल आपूर्ति श्रृंखला से ही नहीं जुड़ी है बल्कि उनके श्रमिकों के हितों और उनके आत्मविश्वास से भी जुड़ी है। हिमाचल प्रदेश के बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र और हरियाणा के फार्मा क्लस्टर्स पर इसकी दोहरी मार पड़ रही है। जहां एक ओर उत्पादन लागत में भारी वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर छोटे निर्माताओं को उत्पादन में कटौती करने अथवा नुकसान उठाने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। दूसरी ओर बढ़ती लागत व वैश्विक परिवहन लागत में वृद्धि के कारण निर्यात प्रतिस्पर्धा में ये उद्योग पिछड़ रहा है। बहरहाल, इस संकट ने आयातित कच्चे माल और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर भारत की निर्भरता की कमजोरी को भी उजागर कर दिया है। हालांकि, केंद्र सरकार की पहल से आयातित कच्चे सामान पर शुल्क में छूट से भले ही कुछ राहत मिली हो, लेकिन कच्चे माल के वैकल्पिक स्रोत तलाशने, घरेलू एपीआई उत्पादन क्षमता बढ़ाने और प्रवासी श्रमिकों के लिये सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर व्यापक सुधार करने की आवश्यकता है। सही मायनों में एक दूर का युद्ध भारत की दवा आपूर्ति और उसके उत्पादकों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है।

आर्थिक वृद्धि के लिए सशक्त शहरों की सख्त जरूरत

दिनेशचंद्र शर्मा

भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की क्षमता तेजी से इस बात पर निर्भर करेगी कि शहरों का नियोजन एवं प्रशासन कितना कुशल है। शहरी आबादी लगभग 50 करोड़ से बढ़कर 2050 तक 85 करोड़ होने का अनुमान है, जिससे आवास, परिवहन और बुनियादी सेवाओं पर दबाव और भी बढ़ जाएगा।

इस संदर्भ में, नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने हाल ही में शहरों की योजना, शासन और वित्तपोषण के तरीकों में मूलभूत बदलाव की जरूरत पर बल दिया। उनका यह कहना कि शहरों का प्रशासन राज्य की राजधानियों से नहीं हो सकता, भारत के शहरी प्रशासन ढांचे की एक मूलभूत कमजोरी को उजागर करता है- शहरी स्थानीय निकायों की स्वायत्तता का अभाव।

नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट में कमजोर विकेंद्रीकरण, खंडित जिम्मेदारियों और नगर निकायों के पास अपर्याप्त धन पर प्रकाश डाला गया है। स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया 74वां संवैधानिक संशोधन अभी भी अधूरा है। संविधान में संभावित विकेंद्रीकरण के लिए 18 कार्यों की सूची है, लेकिन शहरी नियोजन, जल आपूर्ति, परिवहन और स्वच्छता जैसी जिम्मेदारियां अक्सर नगर निगमों, राज्य विभागों और विशेष एजेंसियों के बीच विभाजित रहती हैं।

राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका भी समान रूप से सीमित है। महापौरों के पास अक्सर कार्यकारी और वित्तीय शक्तियां नहीं होतीं। नगर आयुक्तों के पास पर्याप्त प्रशासनिक अधिकार होते हैं लेकिन उनका बार-बार तबादला हो सकता है। इसके अलावा, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा 2024 में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि ऑडिट वाले 17 राज्यों में 61



फीसदी से अधिक शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों में विलंब हुआ। महापौरों का छोटा कार्यकाल और देरी से चुनाव निरंतरता को कमजोर करते हैं, जिससे दीर्घकालिक योजना बनाना मुश्किल हो जाता है।

यह एक गंभीर खामी है और इसका समाधान किया जाना चाहिए। भारत ने हाल के वर्षों में शहरी बुनियादी ढांचे पर निवेश बढ़ाया है। शहरी क्षेत्र के लिए बजट आवंटन में काफी वृद्धि हुई है। वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) और पांच वर्षों में सात नगर-आर्थिक क्षेत्रों के लिए प्रत्येक को लगभग 5,000 करोड़ रुपये का आवंटन शहरों को विकास केंद्रों के रूप में मजबूत करने का प्रयास करता है। हालांकि, सक्षम स्थानीय संस्थानों के बिना केवल अवसंरचना पर खर्च करने से बेहतर परिणाम नहीं मिल सकते। नगर निगमों को प्रशिक्षित कर्मियों, सेवा एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय और स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के लिए ज्यादा अधिकार की आवश्यकता है।

इसके अलावा, कमजोर वित्तीय स्थिति नगर निगमों की स्वायत्तता को सीमित करती है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट (2024), जिसमें 232 नगर निगमों को शामिल किया गया था, उसमें पाया गया कि उनके अपना राजस्व नियमित खर्चों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त रहा। संपत्ति कर आकलन में सुधार, डिजिटल भूमि अभिलेखों का विस्तार और उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह को मजबूत करने से शहरों को अपने संसाधनों को जुटाने में मदद मिल सकती है। राज्य वित्त आयोगों का गठन समय पर होना चाहिए और उनकी सिफारिशों को पारदर्शी तरीके से लागू किया जाना चाहिए।

16वें वित्त आयोग द्वारा शहरी स्थानीय शासन को दिए गए अनुदानों में वृद्धि एक अवसर प्रदान करती है, लेकिन केवल हस्तांतरण से सेवा वितरण में सुधार नहीं हो सकता जब तक कि नगर निगमों के पास धन का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता न हो।

सुधारों की शुरुआत दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों से की जा सकती है, जिन्हें बाद में छोटे शहरी केंद्रों तक बढ़ाया जा सकता है। इन शहरों में स्थापित संस्थाएं हैं और उनमें परिवर्तनों को लागू करने की अधिक क्षमता है, जो उन्हें उपयुक्त प्रारंभिक बिंदु बनाती है।

भारत की शहरी चुनौती केवल अधिक बुनियादी ढांचा बनाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि शहर इसका प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर सकें। राज्यों को पर्याप्त धन, कर्मचारी और निर्णय लेने की शक्तियों के साथ-साथ जिम्मेदारियों का विकेंद्रीकरण करना चाहिए।

सशक्त और जवाबदेह नगर निकाय जीवन स्तर में सुधार, निवेश आकर्षित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि शहरीकरण सतत आर्थिक वृद्धि का समर्थन करे।

धर्म-ज्योतिष

रावण के अत्याचारों से व्याकुल पृथ्वी की करुण पुकार, श्रीराम अवतार की पृष्ठभूमि

पिछले प्रसंग में हमने देखा कि रावण, कुंभकर्ण और विभीषण ने कठोर तपस्या करके ब्रह्माजी से वरदान प्राप्त किए। रावण ने अपनी शक्ति के बल पर संसार को जीतने का निश्चय किया, जबकि विभीषण ने भगवान के चरणों की भक्ति माँगी। समय बीतने के साथ रावण का बल और ऐश्वर्य बढ़ता गया। लेकिन शक्ति के साथ उसके भीतर अहंकार भी बढ़ने लगा। धीरे-धीरे उसने अपने बल का उपयोग लोककल्याण के स्थान पर अत्याचार करने के लिए करना आरंभ कर दिया। रावण ने देवताओं, यक्षों,



गंधर्वों, मनुष्यों और अनेक राजाओं को अपने अधीन कर लिया। संसार में कोई भी उसके सामने स्वतंत्र होकर रहने का साहस नहीं कर पाता था। वह अपनी इच्छा को ही नियम समझने लगा था। उसके भय से लोग उसकी आज्ञा का पालन करते और प्रतिदिन उसके सामने सिर झुकाते थे। अर्थात् रावण ने अपने बाहुबल से संसार को अपने वश में कर लिया। कोई भी स्वतंत्र नहीं रह गया था। अनेक राजा उसके अधीन होकर उसके आदेश के अनुसार शासन करने लगे थे।

समसामयिक

बिकवाली के बीच भारतीय शेयर बाजार की मजबूती

भारतीय शेयर बाजारों के प्रदर्शन पर जबरदस्त बहस चल रही है। मानक सूचकांक निफ्टी इस वर्ष की शुरुआत से अब तक 12 फीसदी नीचे आ चुका है। उम्मीद के मुताबिक ही बुधवार को समाप्त बिज़नेस स्टैंडर्ड के सालाना सम्मेलन बीएफएसआई इनसाइट समिट में इस विषय के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। भारतीय शेयर बाजारों के कमजोर प्रदर्शन की सबसे बड़ी वजहों में से एक है विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा की गई बिकवाली।

विशुद्ध रूप से देखें तो उन्होंने इस वर्ष करीब 29 लाख करोड़ रुपये मूल्य की बिकवाली की। एफपीआई द्वारा भारतीय शेयरों की बिक्री की कई वजह हैं। उनमें से सबसे बड़ी वजह है आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) कारोबार। कुछ विश्लेषकों ने उन कठिनाइयों का भी जिक्र किया है जिनका सामना एफपीआई को करना पड़ता है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडेय ने सम्मेलन में कहा कि नियामक दुनिया भर के विदेशी पोर्टफोलियो



निवेशकों के साथ बातचीत कर रहा है। कुछ समस्याएं हैं और नियामक उन्हें दूर करने की दिशा में काम कर रहा है। उदाहरण के लिए एफपीआई के पंजीकरण में लगने वाला समय काफी कम हुआ है। पांडेय ने बताया कि सकल घरेलू उत्पाद में बाजार पूंजीकरण की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2015-16 के लगभग 69 फीसदी से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में करीब 130 फीसदी हो गई है। इस वृद्धि के पीछे मुख्य वजह भारतीय शेयर बाजारों में नई कंपनियों का सूचीबद्ध होना रहा है न कि जरूरी तौर पर कंपनियों के मूल्यांकन में बढ़ोतरी। हाल में तो कंपनियों के मूल्यांकन में काफी गिरावट आई है।

सम्मेलन में यह सामने आया कि आईपीओ की संख्या के लिहाज से भारत 2025 में दुनिया में पहले स्थान पर था जबकि इनके कुल मूल्य के मामले में तीसरे स्थान पर रहा। गौरतलब है कि सबसे बड़ा आईपीओ, जियो प्लेटफॉर्म्स इसी सप्ताह सूचीबद्ध हुआ। इसके शेयरों ने निर्गम मूल्य से काफी प्रीमियम पर कारोबार शुरू किया और कंपनी भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कंपनियों में दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। जियो के आईपीओ और उसकी सूचीबद्धता ने बाजार की बहस को एक नया आयाम दिया।

व्यापक रुझान और एफपीआई की बिकवाली के बावजूद आईपीओ की मांग और उसकी सफल सूचीबद्धता दिखाती है कि भारतीय बाजार मजबूत कारोबार को बड़े पैमाने पर जोखिम पूंजी मुहैया कराने में सक्षम हैं। इसमें घरेलू निवेशकों की बढ़ती भागीदारी की भूमिका रही है।

व्यापार

गिरफ्तारी के प्रावधान हटाने और नियमों के सरलीकरण से एमएसएमई को मिलेगी बड़ी राहत

जीएसटी परिषद के सुधारों को बताया ऐतिहासिक

मृदुभाषी। नई दिल्ली

उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने जीएसटी परिषद के कुछ अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और प्रवर्तन शक्तियों को तर्कसंगत बनाने के फैसले को एक महत्वपूर्ण संस्थागत सुधार करार देते हुए कहा है कि यह कदम भरोसे पर आधारित आर्थिक शासन की ओर बदलाव का संकेत देता है और भारत में आर्थिक सुधारों के अगले चरण के लिए एक नया मॉडल भी पेश करता है।

हाल ही में हुई जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए इन फैसलों पर सीआईआई का कहना है कि आम सहमति से लिए गए ये निर्णय यह दर्शाते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारें कठिन सुधारों के लिए मिलकर प्रभावी ढंग से काम कर सकती हैं, जिससे सरकार और



कारोबारियों के बीच संबंध बेहतर होने में मदद मिलेगी। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने इन फैसलों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में तथा राज्य सरकारों की रचनात्मक भूमिका के साथ यह सहकारी संघवाद की एक बड़ी उपलब्धि है, जो यह साबित करती है कि केंद्र और राज्य सरकारें वैध कारोबार को अधिक भरोसा देने के लिए पुराने नियामक तरीकों पर पुनर्विचार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जीएसटी परिषद ने अपनी 57वीं बैठक में जीएसटी कानून के तहत गिरफ्तारी के प्रावधानों को हटाने, मुकदमा चलाने की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये करने और केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 132 के तहत कुछ अपराधों का दायरा सीमित करने का प्रस्ताव दिया है, साथ ही अदालतों को सजा तय करने में अधिक अधिकार देने, केवल जुर्माना लगाने का विकल्प उपलब्ध कराने और न्यूनतम छह महीने की जेल की सजा का प्रावधान हटाने की भी सिफारिश की है, जिससे वास्तविक कारोबारी विवादों और प्रक्रियागत गलतियों को जानबूझकर की गई कर धोखाधड़ी से अलग किया जा सके। संगठन के अनुसार इन सुधारों से विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्योगों तथा पहली पीढ़ी के उद्यमियों को भारी लाभ पहुंचेगा, क्योंकि इससे अनिश्चितता, प्रतिष्ठा को नुकसान के जोखिम, कानूनी खर्च और आपराधिक कार्रवाई के अनुपातहीन परिणामों के कारण कारोबार के प्रबंधन में आने वाली बाधाएं कम होंगी। बनर्जी ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक कर प्रशासन अब केवल आपराधिक कार्रवाई की धमकी पर निर्भर नहीं है, बल्कि यह बेहतर जानकारी, डिजिटल तकनीक और लक्षित कार्रवाई के माध्यम से राजस्व की सुरक्षा कर सकता है, जिससे ईमानदार करदाताओं के लिए नियमों का पालन करना आसान और कानून तोड़ने वालों के लिए चोरी करना मुश्किल हो जाता है। सीआईआई ने यह भी रेखांकित किया कि जिस प्रकार केंद्र, राज्यों और स्थानीय निकायों के बीच तालमेल से जीएसटी के क्षेत्र में यह ऐतिहासिक सहमति बनी है, उसी तर्ज पर भूमि उपयोग, निर्माण अनुमति, श्रम प्रशासन, बिजली-पानी के कनेक्शन, लॉजिस्टिक्स और स्थानीय मंजूरियों जैसे अन्य क्षेत्रों में भी सुधार किए जाने चाहिए ताकि देश में आर्थिक बदलाव के अगले चरण को और अधिक गति मिल सके।

त्योहारी सीजन में यूपीआई लेनदेन ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

अक्टूबर में ट्रांजेक्शन बढ़कर 25.47 अरब पर पहुंचे, कुल रकम 31.53 लाख करोड़

मृदुभाषी। नई दिल्ली

देश में त्योहारी सीजन के दौरान यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए होने वाले डिजिटल लेनदेन में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसके तहत नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा रविवार को जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर महीने में यूपीआई ट्रांजेक्शन की कुल संख्या सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की शानदार तेजी के साथ 25.47 अरब पर पहुंच गई है, जबकि इसी अवधि के दौरान लेनदेन की कुल मौद्रिक रकम भी 16 प्रतिशत बढ़कर 31.53 लाख करोड़ रुपये के ऊंचे स्तर को छू गई है। आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर माह के दौरान यूपीआई के जरिए हर दिन औसतन करीब 82.2 करोड़ ट्रांजेक्शन दर्ज किए गए और रोजाना होने वाले लेनदेन की औसत रकम लगभग 1,01,707 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले महीने यानी सितंबर में दर्ज किए गए 24.07 अरब ट्रांजेक्शन और 29.37 लाख करोड़ रुपये की कुल रकम से काफी अधिक है। इसके अलावा तत्काल फंड ट्रांसफर की सुविधा प्रदान करने वाली आईएमपीएस



प्रणाली के माध्यम से भी अक्टूबर माह में लेनदेन की कुल रकम सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 7.63 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई और प्रतिदिन औसतन 1.21 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए जिनकी औसत दैनिक रकम 24,601 करोड़ रुपये दर्ज की गई। त्योहारी सीजन के इस उल्लास को देखते हुए एनपीसीआई ने पहले ही यह घोषणा कर दी थी कि चुनिंदा यूपीआई मर्चेंट ट्रांजेक्शन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने के निर्णय को दिवाली के बाद तक के लिए टाला जा रहा है, ताकि कारोबारियों और आम ग्राहकों को अस्थायी राहत मिल सके।

त्योहारी सीजन में विकास कार्यों को मिलेगी गति

राज्यों को 1.09 लाख करोड़ की कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त जारी

मृदुभाषी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए और राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने के साथ-साथ अपने विकास व कल्याणकारी खर्चों को पूरा करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकारों को 1,09,019 करोड़ रुपये की कर हस्तांतरण (टैक्स डिवोल्यूशन) की अतिरिक्त किस्त जारी की है, जो नियमित मासिक हस्तांतरण के अतिरिक्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी अतिरिक्त किस्त है और इसके तहत अकेले उत्तर प्रदेश को 19,208 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जबकि वर्तमान व्यवस्था के अनुसार एक वित्तीय वर्ष के दौरान केंद्र द्वारा एकत्र किए गए करों का 41 प्रतिशत हिस्सा कुल 14 किस्तों में राज्यों के बीच वितरित किया जाता है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने घरेलू कपड़ा क्षेत्र में कपास की उपलब्धता और आपूर्ति बढ़ाने के



लिए कपास आयात पर दी जाने वाली सीमा शुल्क छूट की समयसीमा को दो महीने और बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2026 तक कर दिया है, क्योंकि इससे पहले मई में कपास आयात को पांच महीने यानी अक्टूबर, 2026 तक के लिए सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट दी गई थी और वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस छूट की अवधि बढ़ाए जाने के फैसले से देश की कपड़ा बनाने वाली कंपनियों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं को भी बड़ी राहत मिलेगी।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026: पंजाब नेशनल बैंक ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुलिस के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मृदुभाषी। नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रतिवर्ष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती से पूर्व वाले सप्ताह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है, जिसके तहत इस वर्ष बैंक 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक 'समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा' (प्रोबिटी फॉर प्रॉस्पेरिटी) विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है और इस अवसर को चिह्नित करने के लिए बैंक भर में विभिन्न गरिमामय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में पंजाब नेशनल बैंक के अंचल कार्यालय दिल्ली द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए 31 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय



पुलिस स्मारक पर एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का नेतृत्व पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक चंद्र ने किया, जबकि इस अवसर पर बैंक के कार्यकारी निदेशक डी. सुरेन्द्रन, कार्यकारी निदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी राघवेंद्र कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुमेश कुमार, अंचल प्रबंधक (दिल्ली) राजेश भौमिक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा स्टाफ सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का गरिमामय शुभारंभ गणमान्य अधिकारियों द्वारा अमर पुलिस शहीदों के सम्मान में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर किया गया, जिसके पश्चात मुख्य सतर्कता अधिकारी राघवेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक चंद्र, कार्यकारी निदेशक डी. सुरेन्द्रन, कार्यकारी निदेशक अमित कुमार श्रीवास्तव तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी राघवेंद्र कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सत्यनिष्ठा और सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डाला। समाज में सतर्कता और ईमानदारी का संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से इस अवसर पर एक 'वॉकाथॉन' का भी आयोजन किया गया, जिसमें बैंक कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का औपचारिक समापन अंचल कार्यालय दिल्ली के अंचल प्रबंधक राजेश भौमिक द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

147 दिन के लिए होगा ठेकों का निष्पादन, 4 नवंबर को ऑनलाइन लगेगी बोली, बाग और धार के दो समूहों की दुकानें शामिल

26.63 करोड़ के शराब ठेके फिर होंगे नीलाम, 55 लाख की धरोहर राशि तय

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। जिले में शराब दुकानों के ठेकों का एक बार फिर निष्पादन होने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आबकारी विभाग ने वर्ष 2026-27 की शेष अवधि के लिए बाग और धार क्रमांक-1 समूह की कुल 7 कंपोजिट मदिरा दुकानों की पुनः नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन दुकानों के लिए 5 नवंबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक की 147 दिनों की अवधि का कुल निर्धारित आरक्षित मूल्य 26 करोड़ 63 लाख 57 हजार 521 रुपए रखा गया है। दोनों समूहों के लिए कुल 55 लाख रुपए की धरोहर राशि निर्धारित की गई है। ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया बीते रोज से शुरु भी हो गई है।

कलेक्टर (आबकारी) जिला धार द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बाग समूह में बाग क्रमांक-1, बाग क्रमांक-2, टांडा और रिंगनोद की दुकानें शामिल हैं। इस समूह का शेष अवधि का निर्धारित आरक्षित मूल्य



16 करोड़ 63 लाख 41 हजार 691 रुपए है। वहीं धार क्रमांक-1 समूह में धार क्रमांक-1, गाछावाड़ी धार और गरड़ावद की दुकानें शामिल हैं। इन तीन दुकानों का निर्धारित आरक्षित मूल्य 10 करोड़ 1 लाख 15 हजार 830 रुपए रखा गया है।

1 नवंबर से शुरू हुई ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया

कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने और ऑफर जमा करने की प्रक्रिया 1 नवंबर को शुरु हो गई है। यह प्रक्रियदोपहर 1 बजे से शुरू हो गई है। इसकी अंतिम समय-सीमा 4 नवंबर को दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। इसी दिन दोपहर 1.05 बजे ई-टेंडर कम नीलामी के प्रपत्र खोले जाएंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 से शाम 4.30 बजे तक ऑनलाइन बोली लगाई जाएगी। अंतिम समय में बोली आने पर 15-15 मिनट के अंतराल से नीलामी की समय-सीमा बढ़ाई जा सकेगी।

कलेक्टर कार्यालय में होगी निष्पादन प्रक्रिया

जानकारी के अनुसार दोनों समूहों की दुकानों का निष्पादन कलेक्टर कार्यालय में गठित जिला निष्पादन समिति की निगरानी में होगा। इच्छुक व्यक्ति, फर्म, कंपनी और अन्य पात्र संस्थाएं मध्यप्रदेश के ई-टेंडर पोर्टल के माध्यम से निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी। इसके लिए ई-आबकारी पोर्टल पर ठेकेदार के रूप में पंजीयन अनिवार्य रहेगा।

विकसित भारत के संकल्प में हर वर्ग की सहभागिता है जरूरी : जायसवाल

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, पुरस्कार तथा हितलाभ का किया गया वितरण

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अनूपपुर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन ऑडिटोरियम हॉल, एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश की गौरवशाली विरासत, संस्कृति, इतिहास और विकास यात्रा को स्मरण करने के साथ उनसे प्रेरणा लेकर वर्तमान को बेहतर बनाने तथा उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए देश के 140 करोड़ नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। इसमें युवा, महिलाएं, किसान, श्रमिक, व्यापारी और अधिकारी-कर्मचारी सहित समाज के प्रत्येक वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिला नर्मदा, सोन और जोहिला जैसी नदियों, खनिज संपदा तथा समृद्ध वन संपदा से परिपूर्ण है। जिले में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। कृषि एवं सिंचाई सुविधाओं को मजबूत बनाने के साथ पशुपालन, मत्स्य पालन और कुक्कुट पालन जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिले में स्थानीय संभावनाओं के अनुरूप कृषि उत्पादों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।



दारसागर में टमाटर उत्पादन की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराकर प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने तथा अधोसंरचना, बिजली, सड़क, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

स्थापना दिवस विकास यात्रा का स्मरण करने का अवसर : रौतेल

मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और विकास यात्रा का स्मरण करने का अवसर है। जनजातीय संस्कृति एवं परंपराएं हमारी विशिष्ट पहचान हैं। इनका संरक्षण एवं संवर्धन करते हुए आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने जनजातीय समाज को शिक्षा, रोजगार और विकास के अवसरों से जोड़ने तथा उनकी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए विकास की मुख्यधारा में सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

मध्यप्रदेश की संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुत

समारोह में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों एवं कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर की छात्राओं ने मध्यप्रदेश की संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुत किया। एकलव्य आवासीय विद्यालय, आदर्श विद्यालय एवं तुलसी विद्यालय के विद्यार्थियों ने नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। सविता रैदास ने देशभक्ति गीत 'ऐ मेरे वतन के लोगों' की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। गुदुमबाजा दल ने पारंपरिक लोकवाद्य की प्रस्तुति दी, वहीं पसान नगर पालिका क्षेत्र की पूजा कशयप ने सांस्कृतिक शोलो नृत्य प्रस्तुति तथा कोतमा के लोकप्रिय गायक संदीप शिवहरे एवं दल ने ने देशभक्ति गीत एवं भजनों की प्रस्तुति से समारोह में देशभक्ति और लोक संस्कृति के रंग बिखेरे। संचालन जिपं जनसंपर्क अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने किया।

समारोह में किया गया सम्मान पुरस्कार व हित लाभ का वितरण

समारोह में लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। भगवान श्रीकृष्ण जी मेधावी छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में जिले के कोतमा कॉलेज की छात्रा सुश्री काजल केवट को मध्य प्रदेश शासन संस्कृति स्वराज संस्थान के श्री कृष्ण पाथेय न्यास द्वारा प्रेषित एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि का चेक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही चार पात्र अभ्यर्थी को अनुकंपा नियुक्ति आदेश पत्र प्रदान किए गए। दिव्यांगजनों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जुगुन्ती चौधरी (अनूपपुर), नरेन्द्र रौतेल (जमुड़ी), मोहम्मद शब्बीर (बिजुरी) एवं रामचरण साहू (कोतमा) को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरित की गईं। हाथियों के विचरण वाले क्षेत्रों में निगरानी एवं सतर्कता बढ़ाने के उद्देश्य से 10 व्यक्तियों को टॉर्च वितरित की गईं, वहीं, कृषक कल्याण स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित कृषि क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में ट्रैक्टर, द्वितीय पुरस्कार के रूप में बुलेट मोटरसाइकिल तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में ई-स्कूटी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में चंदन सिंह/कल्याण सिंह ने प्रथम, तेजू सिंह/सुरेश सिंह ने द्वितीय तथा नत्थूलाल यादव/स्व. वेसाहन लाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष प्रीति रमेश, कलेक्टर रत्नाकर झा, जिपं अर्चना कुमारी, जिपं उपाध्यक्ष पार्वती राठौर आदि मौजूद रहे।

घर से भागे हुए थे दोनों बच्चे, इगतपुरी स्टेशन पर पुलिस को सौंपा

पुष्पक एक्सप्रेस में टीटीई की सतर्कता से बरामद हुए 2 बच्चे

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। रेलवे में ड्यूटी के दौरान सतर्कता, जिम्मेदारी और त्वरित कार्रवाई का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। पुष्पक एक्सप्रेस में तैनात दो रेलकर्मियों की सूझबूझ और तत्परता से घर से भागे दो बच्चों को सुरक्षित तलाश कर आरपीएफ के हवाले किया गया। दोनों टीटीई ने न केवल कंट्रोल रूम से मिली सूचना को गंभीरता से लिया, बल्कि ट्रेन में सघन जांच कर बच्चों की पहचान सुनिश्चित की और उन्हें सुरक्षित पुलिस तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार शनिवार 31 अक्टूबर को गाड़ी संख्या 12533 पुष्पक एक्सप्रेस में कंडक्टर राजेश जायसवाल और टीटीई अनिल दामादे नियमित ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान उनके पास आरपीएफ कंट्रोल से फोन आया। कंट्रोल रूम की ओर से बताया गया कि उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी दो बच्चे घर से लापता होकर भाग गए हैं। इनमें एक 23 वर्षीय युवक और दूसरी 17 वर्षीय किशोरी शामिल है। दोनों के मुंबई की ओर जाने की आशंका जताई गई थी। आरपीएफ कंट्रोल ने दोनों रेलकर्मियों को बच्चों के फोटो भी मोबाइल पर भेजे और जानकारी दी कि दोनों पुष्पक एक्सप्रेस में सफर कर रहे हैं। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि ट्रेन में तलाश कर दोनों को सुरक्षित पकड़कर आरपीएफ के हवाले किया जाए।

फोटो मिलते ही शुरू की तलाश, एसी कोच में मिले दोनों

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सूचना मिलते ही कंडक्टर राजेश जायसवाल और टीटीई अनिल दामादे ने मामले को गंभीरता से लिया। दोनों ने ट्रेन में चेकिंग के दौरान भेजे गए फोटो के आधार पर यात्रियों के बीच बच्चों की तलाश शुरू की। काफी सतर्कता से जांच करने पर दोनों बच्चे ट्रेन के एसी कोच में दिखाई दिए। फोटो से मिलान करने के बाद दोनों रेलकर्मियों ने उनकी पहचान सुनिश्चित की और तत्काल इसकी सूचना आरपीएफ कंट्रोल को दी।



ट्रेन नासिक पार कर चुकी थी, इगतपुरी में बुलाया आरपीएफ

दोनों बच्चों के मिलने के बाद टीटीई ने बिना देर किए कमर्शियल कंट्रोल भुसावल को भी पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। कंट्रोल को बताया गया कि फोटो में दिखाई दे रहे दोनों बच्चे पुष्पक एक्सप्रेस के एसी कोच में मिल गए हैं। उस समय ट्रेन नासिक स्टेशन से आगे निकल चुकी थी। ऐसे में दोनों रेलकर्मियों ने समन्वय बनाते हुए इगतपुरी स्टेशन पर आरपीएफ की टीम भेजने का आग्रह किया, ताकि बच्चों को ट्रेन से सुरक्षित उतारकर पुलिस के सुपुर्द किया जा सके। सूचना मिलने पर इगतपुरी स्टेशन पर आरपीएफ की टीम पहुंची। ट्रेन के वहां पहुंचने पर कंडक्टर राजेश जायसवाल और टीटीई अनिल दामादे ने दोनों बच्चों को आरपीएफ के हवाले कर दिया। इस तरह समय रहते मिली सूचना, रेलकर्मियों की सतर्कता और आरपीएफ के साथ बेहतर तालमेल से दोनों बच्चों को सुरक्षित पुलिस तक पहुंचाया जा सका। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस में तैनात दोनों रेलकर्मियों की यह कार्रवाई सराहनीय रही। यदि आरपीएफ कंट्रोल से मिली सूचना को गंभीरता से नहीं लिया जाता तो बच्चों को तलाशना मुश्किल हो सकता था। लेकिन राजेश जायसवाल और अनिल दामादे ने अपनी नियमित ड्यूटी के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का भी परिचय दिया।

कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई



कांटाफोड़। कांग्रेसियों ने गांधी चौराहे पर एकत्रित होकर इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई। इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए पीसीसी सदस्य कांग्रेस नेता मनोज होलानी ने कहा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। हमे महापुरूषो के पदचिंहो पर चलकर काम करना होगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया, श्रीनिवास तिवारी,राजाराम यादव,मुकेश राठौर, नगर अध्यक्ष गुरमीत भाटिया, डाक्टर नंदकिशोर शर्मा,सतानंद शर्मा, शाहरुख ठेकेदार आदि उपस्थित थे

कांग्रेस की रोटी बार-बार जल रही है तो उसे हलवाई को बदलने की जरूरत : शर्मा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। पंधाना भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को पंधाना में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ विषय पर नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। पंधाना विधायक छाया गोबिंद सिंह मोरे के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इंदौर संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होने अपने संबोधन में अपने संबोधन में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए तीखे कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर कांग्रेस लगातार सवाल उठाती



है। विकास कार्यों में कमियां निकालने की कांग्रेस की राजनीति पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस रोटी बार-बार जल रही है, तो कांग्रेस को रोटी बनाने वाले हलवाई को बदलने की जरूरत है। उनके इस बयान के माध्यम से उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व और संगठन की कार्यशैली पर सवाल उठाए

कांग्रेस जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है : विधायक

पंधाना विधायक छाया गोबिंद सिंह मोरे ने कहा कि कांग्रेस लगातार जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसकी मंशा पूरी नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अराजकता फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कांग्रेस सत्ता पाने के लिए अराजकता फैला रही है : सांसद

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता हासिल करने के लिए अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विकास और जनकल्याण के कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा सरकार के रहते कांग्रेस की ऐसी मंशाएं सफल नहीं होंगी। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत बनाने और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, जिला महामंत्री सूरजपाल सिंह सोलंकी, धर्मेंद्र बजाज, विधानसभा प्रभारी सुखदेव पटेल, आनंद सिंह चौहान, श्याम गंगराड़े, मुकेश जायसवाल, धर्मेंद्र डागौर, सागर अथार्नी, श्रुति जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, अरुण सिंह मुन्ना, मंडल अध्यक्ष फकीर चंद कुशवाह, जितेंद्र पटेल, धर्मेंद्र जाधव, अशोक पटेल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

व्यवसाय **शाम को बढ़ी रौनक, आगामी दिनों से व्यापारियों को आस**

रवि पुष्य-नक्षत्र पर हुआ करोड़ों का व्यापार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। दीपोत्सव को लेकर दुकानों की सजावट और माता लक्ष्मी जी के आगमन की तैयारियों में जुटे व्यापारियों के लिए पुष्य नक्षत्र का दिन खास रहा। दिनभर तो व्यापारी ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहे, जिनकी आस शाम को पूरी हुई। इस दिन लोगों ने नए वाहनों के साथ वाहनों की खरीदी की और मंदिरों में ईश्वर का आशीर्वाद लेकर इन वाहनों की पूजा की। तो कई लोगों ने इस दिन सोने-चांदी की खरीदी कर पर्व मनाया। इस दिन करोड़ों का कारोबार हुआ। शाम को समय ग्राहक बाजार में सब कुछ खरीदने की तर्ज पर उमड़े। ऐसा लग रहा था कि लोग शुभ मुर्हूत में खरीदारी का मौका छोड़ना नहीं चाहते है। इस खरीदारी ने दीपावली को लेकर व्यापारियों में उत्साह बढ़ा दिया है। व्यापारियों का कहना है कि अब धनतेरस और फिर दीवाली की खरीदारी भी जोरदार होने की उम्मीद है। तब तक किसानों की फसल भी बिक जाएगी और उनके हाथों में पैसा आ जाएगा। जिससे बाजार में टॉप गियर



लगने की संभावना है।

दरअसल शहर के व्यापारियों को उम्मीद थी कि पुष्य नक्षत्र से बाजार में रौनक आ जाएगी। इसके लिए व्यापारियों ने पहले से ही तैयारी भी करके रखी हुई थी। दिन में तो व्यापारी ग्राहक का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम होते ही बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ गई जिससे व्यापारियों को राहत मिली। अब सभी को दीपावली पर्व से खासी उम्मीदें है। इसके पहले पुष्य नक्षत्र पर व्यापारियों ने ग्राहकों के लिए तैयारी कर रखी थी। इस दिन दोपहर तक बाजार में कोई खास व्यापार नहीं था और कम ही लोग नजर आ रहे थे। लेकिन शाम होते ही बाजार में चहल-पहल बढ़ गई। इस दिन करोड़ों का कारोबार हुआ।

वाहनों और ज्वेलरी में दिखाई लोगों ने भरपूर रूचि

पुष्यनक्षत्र वाहन व्यवसायियों के लिए खास रहा। इस दिन जिलेभर में वाहनों की बिक्री हुई। जिससे इस क्षेत्र में अच्छा व्यापार हुआ। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक, कपड़ा, बर्तन, किराना में भी अच्छा व्यवसाय हुआ। व्यापारियों का मानना है कि अभी तो ग्राहकी कमजोर रही, लेकिन धनतेरस से बाजार में बूम आ जाएगा। इसको लेकर व्यापारियों ने अभी से तैयारी करना भी शुरु कर दी है। दुकानों को सजाने की भी तैयारी होने लगी है।

शुभ मुर्हूत में बहिखातों की भी जमकर हुई खरीदारी

व्यापारी वर्ष भर हिसाब-किताब लिखने के लिए बहिखातों की खरीदी भी पुष्य नक्षत्र पर विशेष मुहूर्त में करतें हैं। ऐसे में पुष्य नक्षत्र पर अनेक व्यापारियों ने बहिखातों की खरीदी की। इस दौरान बहिखाता के विक्रेताओं द्वारा ग्राहकों को प्रतिष्ठान के अंदर बैठने की व्यवस्था की गई।
पूजन सामग्री भी रखी गई। जिससे व्यापारियों ने शुभ मुहूर्त में बहिखातों की खरीदारी करके विधिवत पूजन के बाद उन्हें उठाया और अपने साथ ले गए।

झाली तालाब में डूबे युवक का शव 50 घंटे बाद खुद ही ऊपर आ गया

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

रतलाम। शहर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर परिसर स्थित झाली तालाब में गुरुवार रात डूबे 22 वर्षीय युवक सोनू बैरागी का शव करीब 50 घंटे बाद शनिवार देर रात 2:40 बजे खुद ही पानी के ऊपर आ गया। रायसेन जिले के ग्राम सालेरा निवासी सोनू कालिका माता नवरात्रि मेले में झूले पर काम करने आया था। गुरुवार रात अपने दोस्तों के साथ तालाब पार करने की शर्त पर वह पानी में कूदा था और डूब गया।

तीन दिनों तक चले तलाशी अभियान के दौरान एसडीआरएफ की टीम युवक को ढूँढने में पूरी तरह नाकाम रही। यहाँ तक कि उज्जैन से दो विशेष गोताखोर बुलाए गए और पानी के भीतर कैमरा भी डाला गया, फिर भी सफलता नहीं मिली।



शनिवार रात 9 बजे एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया और टीम लौट गई। इसके कुछ ही घंटे बाद आधी रात को शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलने पर स्टेशन रोड थाना पुलिस ने नाव के जरिए शव को बाहर निकालकर मेडिकल कॉलेज भिजवाया। एसडीआरएफ के शव न तलाश पाने के कारण उनके आपदा प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

परिजनों ने लगाया साजिश का आरोप

दूसरी ओर, मृतक की माँ और परिजनों ने आरोप लगाया है कि दोस्तों ने सोनू को साजिशन तालाब में धकेला या उकसाया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें 2-3 लड़के किनारे से भागते दिख रहे हैं। तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस उन संदिग्ध युवकों और झूला संचालक तक नहीं पहुँच सकी।

मंत्री विजय शाह ने किया ध्वजारोहण, विकास कार्यों को विस्तार से बताया

सांस्कृतिक कार्यकमों से सजा प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस रविवार को खण्डवा जिले में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मंत्री श्री विजय शाह ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में खंडवा जिले में अब तक हुए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। मंत्री डॉ. शाह ने इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, तथा उत्कृष्ट कार्यों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, खंडवा की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश



वानखेड़े, कलेक्टरऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अपर कलेक्टर सुश्री श्रद्धा शुक्ला जिला पंचायत के सीईओ ऐश्वर्य वर्मा और अपर कलेक्टर श्री क्षितिज शर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद थे।

मंत्री विजय शाह ने विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मंत्री डॉ. शाह ने इस अवसर पर पशुपालन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन, कृषि विभाग ,उद्यानिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य विभाग लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल पर जाकर उनकी विभागीय गतिविधियों तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी देखी और समूह की महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में शासकीय रायचंद नागडा विद्यालय, आनंदम विद्यालय निकेतन स्कूल खंडवा, महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

छात्रवृत्ति योजना और किसान क्विज प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

कार्यक्रम में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ विजय शाह ने किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज प्रतियोगिता के 3 विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। इनमें प्रथम पुरस्कार के रूप में हरसूद तहसील के ग्राम गारबेड़ी रैयत के श्री विनोद पवार को ट्रैक्टर, द्वितीय पुरस्कार के रूप में पंधाना तहसील के ग्राम पोखरकला की सोनाली चौहान को बुलेट मोटरसाइकिल, और तृतीय पुरस्कार के रूप में हरसूद तहसील के ग्राम टेमरूखुर्द के लालू यादव को ई-स्कूटर एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। पुरस्कृत किसानों ने इस अवसर पर ट्रैक्टर, बुलेट मोटरसाइकिल एवं ई-स्कूटर जैसे उपयोगी पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार प्रकट किया। मंत्री डॉ विजय शाह ने कार्यक्रम में भगवान कृष्णा मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत कुलदीप सिंह मौर्य, अनिरुद्ध सरमंडल, कशिश बिर्ले, लकी नागड़े, अनीता डाकसे और आंचल देवड़ा को एक-एक लाख रुपए के पुरस्कार भी प्रदान किए।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत साथी घायल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। शनिवार शाम बेरछा रोड पर सांपखेड़ा के आगे पुलिया के पास अज्ञात वाहन ने पल्सर को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं उसका साथी घायल हुआ है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

परिजनों के अनुसार पवन कुशवाह एवं योगेश कुशवाह सांपखेड़ा गांव के ईंट भट्ठे पर काम करते थे। शनिवार शाम करीब 7.30 बजे काम खत्म करने के बाद दोनों बाईक से शाजापुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुलिया के पास उनकी बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। हादसे में योगेश के सिर में चोट आई है। आसपास से निकल रहे राहगीरों ने एंबुलेंस 108 को सूचना दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुँची और एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। योगेश का इलाज जारी है। पुलिस ने हादसे का प्रकरण दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरु कर दी है।

सब्जी मंडी में बेतरतीब खड़े वाहनों ने बढ़ाई मुश्किलें

बीच सड़क पर जीप खड़ी होने से लगा रहा जाम



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शामगढ़। त्यौहारी सीजन के चलते इन दिनों शामगढ़ के मुख्य बाजारों और सब्जी मंडी क्षेत्र में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है, लेकिन जगह-जगह बेतरतीब ढंग से खड़े होने वाले वाहन आमजन के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। रविवार को शामगढ़ सब्जी मंडी के बीचों-बीच एक जीप के बेपरवाह तरीके से खड़े होने के कारण मुख्य मार्ग पर भीषण जाम लग गया।

त्यौहार की खरीदारी करने आए लोग और वाहन चालक इस जाम में काफी देर तक फंसे रहे, जिससे पैदल निकलना भी दूभर हो गया। राहगीरों और दुकानदारों का कहना है कि सब्जी मंडी और मुख्य मार्ग पर आए दिन वाहन चालक बीच सड़क पर गाड़ियां पार्क करके चले जाते हैं, जिससे यहां रोजाना ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग घंटों तक इस जाम में फंसे रहते है।

यातायात पुलिस के जवानों को किया जाए तैनात

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों की पुलिस विभाग से मांग है कि आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए सब्जी मंडी और भीड़भाड़ वाले बाजारों में यातायात पुलिस या होमगार्ड के जवानों की तैनाती की जाए, ताकि नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो सके और लोगों को जाम से राहत मिल सके।

विदेशियों का मुखौटा बना विपक्ष: सारंग

खेल एवं सहकारिता मंत्री ने दिल्ली प्रदर्शन को बताया टांय-टांय फिस्स



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खरगोन। राजधानी दिल्ली में इंडिया गठन बंधन के एसआईआर को लेकर रामलीला मैदान पर की गई वोट बचाओ देश बचाओ.. महारैली पर खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने जमकर निशाना साधा। एक दिवसीय प्रवास पर आए सारंग ने इस प्रदर्शन को टांय-टांस फिस्स करार दिया। उनका कहना रहा कि यह देश की जनता का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि यहां का विपक्ष विदेशी ताकतों का मुखौटा बन रहा है।

इससे पहले सर्किट हाउस पहुंचे सारंग का भाजपा विधायक बालकृष्ण पाटीदार, जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, विधायक राजकुमार मेव सहित अन्य कार्यकताओं ने स्वागत किया।

विपक्षी दलों के प्रदर्शनों को जनता का समर्थन नहीं

मीडिया से चर्चा में सारंग ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष ने महारैली में लाखों-करोड़ो लोगों के जुटने का जो दावा किया था, वह टांय-टांय फिस्स रहा। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के प्रदर्शनों को जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है। कांग्रेस के आंदोलन से ज्यादा तो भारतीय जनता पार्टी के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत निकाली जा रही पद्यात्रा में लोग जुट रहे है। विपक्ष के आंदोलन जनसरोकारों से दूर हैं। उन्होंने हाल ही में हुए एमएलसी चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि बैलेट से हुए चुनाव में भी कांग्रेस का कोई वजूद नही रहा। उन्होंने कहा की राहुल गांधी एसआईआर, चुनाव आयोग पर सवाल उठाते है, जबकि उसी प्रक्रिया से वे और उनकी बहन सांसद बने है। विपक्ष देश की छवि को वैश्विक स्तर पर धूमिल करने के लिए विदेशी ताकतों का सहारा ले रहा है। देश की जनता लोकतंत्र में विश्वास रखती है, उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी पर भरोसा है और जनता आगामी चुनाव में भी भाजपा को ही चुनेगी। सर्किट हाउस पहुंचे मंत्री से दिव्यांजनों ने भी मुलाकात की। यहां मंत्री ने उनकी शिकायत सुनने के साथ ही निराकरण का भरोसा दिया। दिव्यांग ललित चावला ने मंत्री सारंग को बताया कि जिले में आजीविका मिशन दिव्यांग स्व-सहायता समूह योजना के जरिये कोई लाभ नही मिल रहा है। यदि योजना का लाभ मिले तो दिव्यांजन आत्मनिर्भर बन सकते है। मंत्री ने कलेक्टर गुरु प्रसाद को कार्रवाई के निर्देश दिए।

सरदार पटेल एवं इंदिरा को दी कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

कसरावद। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने इंदिरा और सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने इस देश में बैंकों का राष्ट्रीयकरण करके, किसानों के लिए बड़े-बड़े बांधों का निर्माण करके और गरीबी हटाओ का नारा देकर देश के विकास में जो अमूल्य योगदान दिया है, उसे कांग्रेस पार्टी कभी नहीं भूल सकती। उनके बताए नक्शे कदम पर चलकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देश और क्षेत्र की सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही है। वही लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का देश के विकास में अविस्मरणीय योगदान है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष परशराम यादव वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस वरिष्ठ नेता अजय मंडलोई नगर परिषद उपाध्यक्ष पप्पू सोनी पार्षद डॉ शिरीष जायसवाल इंदर सिंह राठौड़ राजकुमार मोहरे संजय यादव पार्षद प्रतिनिधि शहिदहेडली परमानंद खेड़े इम्तियाज पटेल विनोद नामदेव रंजीत वर्मा, लल्ली पाटीदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

राहगीर से लूट की घटना का पर्दाफाश

वारदात का एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, दो फरार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

महेश्वर। महेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत काकड़दा पुलिस चौकी ने राहगीर के साथ हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का पदार्फाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट के हिस्से में आए 2,000 रुपए नकद भी बरामद कर लिए हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले का खुलासा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 24 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 5:30 बजे फरियादी जब एबी रोड पर घूम रहा था, तभी ग्राम बाकानेर स्थित ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात युवकों ने उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल तथा 6,000 रुपए नकद लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में काकड़दा चौकी में बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी।



विशेष पुलिस टीम का किया गया गठन

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी मंडलेश्वर श्रीमती श्वेता शुक्ला और थाना प्रभारी महेश्वर निरीक्षक जगदीश गोयल के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धार जिले के गंधवानी थाना अंतर्गत अंजनिया लोंगसरी निवासी मुख्य आरोपी लक्ष्मण उर्फ लक्की पिता रूमाल सिंह मंडलोई, उम्र 20 वर्ष को घेराबंदी कर हिरासत में लिया।

तीन आरोपियों ने दिया था वारदात को अंजाम

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर इस लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके पास से लूटी गई रकम में से 2,000 रुपए जब्त कर लिए हैं। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड प्राप्त किया गया है, जिसके माध्यम से फरार चल रहे दो आरोपियों की तलाश और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। कार्रवाई में चौकी प्रभारी काकड़दा सुनील जामले और टीम की भूमिका रही।

70 लीटर कच्ची शराब सहित 2 गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खरगोन। पुलिस ने बाईक पर किए जा रहे अवैध शराब का परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 70 कच्ची लीटर शराब जब्त की है।

बड़वाह थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर जयंती माता रोड़ के कच्चे रास्ते से रुपाबेडी तरफ जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी गई। निगरानी के दौरान मुखबिर के बताए अनुसार हुलिये के संदेही बाईक पर सवार होकर आते नजर आए। पुलिस को देख बाईक सवार पलटकर भागने लगे, जिन्हें पीछा कर पकड़ा गया। दोनों ने अपने नाम शम्भु पिता पहाडसिह मकवाने और करण पिता विजयसिह चौहान दोनो निवासी ग्राम रुपाबेड़ी का होना बताया।बाईक पर रखी बोरी व थैली को चेक करने पर 5-5 लीटर की कुल 14 प्लास्टिक की पन्नियों में कच्ची महुआ शराब पाई गई। दोनों को गिरफ्तार कर बाईक सहित शराब जब्त की गई।

टिगरिया के जंगल में पुलिस की दबिश, 3 हजार लीटर महुआ लहान नष्ट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मोहन बड़ोदिया। अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए मोहन बड़ोदिया पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने ग्राम टिगरिया स्थित कंजर डेरे के जंगल में दबिश देकर करीब 3 हजार लीटर महुआ लहान नष्ट



किया। पुलिस के अनुसार अवैध शराब बनाए जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने टिगरिया कंजर डेरे के जंगल में दबिश दी। इस दौरान मौके पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के लिए अलग-अलग स्थानों पर रखी करीब 3 हजार लीटर महुआ लहान को भी नष्ट किया गया।

पुलिस के अनुसार अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा इस अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर दबिश देकर निगरानी रखी जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीषा शर्मा, उपनिरीक्षक गोविंद प्रसाद चौबे, सहायक उपनिरीक्षक विजय सिंह, प्रधान आरक्षक जगदीश दांगी, प्रधान आरक्षक मोहम्मद शरीफ, आरक्षक विजय गवली, आरक्षक सुरेश राठौर एवं आरक्षक चालक विष्णु दांगी शामिल रहे।

तुलसी उद्यान में निःशुल्क योग एवं संस्कार शिक्षा शिविर

योग के साथ पढ़ रहे संस्कारों का पाठ

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खण्डवा। स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ विचार और संस्कारित समाज के निर्माण के उद्देश्य से योगाचार्य लक्ष्मीनारायण गुप्त गुरुजी द्वारा संस्थापित आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान एवं जिला योग आयोग समिति द्वारा सराफा स्थित तुलसी उद्यान में नियमित निःशुल्क योग एवं संस्कार शिक्षा शिविर संचालित किया जा रहा है। आदर्श योग एवं जिला योग आयोग समिति के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जैन तथा सचिव एवं जिला योग आयोग के कोषाध्यक्ष नारायण बाहेती के नेतृत्व में संचालित इस शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं एवं पुरुष योग का लाभ ले रहे हैं।

संस्था के सचिव नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित शिविर में योग एवं प्राणायाम की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है। विशेष बात यह है कि यहां केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ही



नहीं, बल्कि मानसिक एवं नैतिक विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। योगाभ्यास के साथ भजनों, संक्षिप्त प्रेरणादायी उपदेशों एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़े विचारों के माध्यम से बच्चों एवं अन्य साधकों को संस्कार शिक्षा भी प्रदान की जाती है। संस्था का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ शरीर के साथ अच्छे विचारों एवं संस्कारों को भी अपने जीवन में अपनाए। इससे न सिर्फ स्वास्थ्य ठीक रहेगा, बल्कि हम संस्कारित समाज के निर्माण में भी सहायक बनेंगे।

तुलसी उद्यान में जिम की मशीने स्थापित कराई गई है

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ एवं नियमित व्यायाम की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रतिष्ठान द्वारा स्व. दामोदर गर्ग एवं डॉ. दिलीप जैन के सहयोग से तुलसी उद्यान में गार्डन जिम की मशीनें भी स्थापित करवाई गई हैं। संस्था के सदस्यों द्वारा इन मशीनों के साथ ही उद्यान के पेड़-पौधों की नियमित देखरेख एवं रखरखाव भी किया जाता है, ताकि उद्यान में आने वाले नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके।

योग के साथ संस्कारों को भी जीवन का अभिन्न अंग बनाए

इस सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधि में डॉ. दिलीप जैन, जिला योग आयोग की उपाध्यक्ष आशा उपाध्याय, नारायण बाहेती, विजय सोनी, राम गंगराड़े, जितेंद्र राठौर, गौरव चौहान, हर्ष मंडलोई, द्वारका प्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश गर्ग, आशीष दशोंदिया,शोभा आर्य, रीना व्यास, रेखा चौहान, ज्योति व्यास, राजकुमारी जैन,संगीता राठौड़ एवं निर्मला मालवीय नियमित रूप से अपनी सेवाएं एवं सहयोग प्रदान कर रहे हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार के बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों सहित तुलसी उद्यान में आयोजित इस निःशुल्क योग शिविर में नियमित रूप से शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लें तथा योग के साथ संस्कारों को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

सिद्धपीठ पर बच्चे भी मांग रहे भीख

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

नलखेड़ा। नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर गैर कानूनी भिक्षावृत्ति फिर प्रारम्भ हो गई है। सिद्धपीठ पर भीख मांगने वालों की संख्या में एक बार फिर से लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिनमे कई बाल भिक्षु भी है। जो दर्शनार्थियों से भीख मांगने के साथ साथ उनके पीछे पीछे वाहन पार्किंग तक पहुंच रहे है। प्रशासन को तत्काल इस गैरकानूनी भिक्षावृत्ति पर प्रतिबंध लगाते हुए भिखारियों को हटाना चाहिए। पूर्व में भी यहाँ भिखारियों की संख्या काफी बढ़ गई थी जिन्हें प्रशासन द्वारा हटाया गया था।

पिछले कुछ वर्षों में जहाँ विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ी है उसी अनुपात में यहाँ भीख मांगने वाले भिखारियों की संख्या भी बढ़ रही है। भिखारियों में बड़ी संख्या में 5 से 15 वर्ष आयु के बाल भिखारी भी शामिल है। विश्व भर से सिद्धपीठ पर दर्शनार्थ आने वाले दर्शनार्थियों से जब ये बाल भिक्षु मंदिर के मुख्य द्वार तक व वापसी में उनके वाहन पार्किंग में वाहन रवाना होने तक उनसे भीख मांगते रहते है।

मंदिर से हटाए जा चुके है भिक्षुक

गौरतलब है कि इसी प्रकार से पूर्व में भी सिद्धपीठ पर भिक्षुओं की संख्या बढ़ जाने के बाद जिला कलेक्टर के निर्देश पर मंदिर को भिक्षु विहीन किया गया था।



लेकिन कुछ दिनों से फिर से सिद्धपीठ पर भिक्षुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में ही कई भिक्षु है जोकि सूर्यमुखी हनुमान मंदिर के सामने से मंदिर के मुख्य द्वार व पार्किंग स्थल पर भीख मांगते रहते है।

होटलों और रेस्टोरेंट के सामने भी मांगी जा रही है भीख

सिद्धपीठ पर पहुंचने वाले दर्शनार्थियों में कई नगर में स्थित विभिन्न होटलों में रात्रि विश्राम भी करते है वही विभिन्न भोजनालयों में भोजन व रेस्टोरेंट में नाश्ता करते है ऐसे में कई बाल भिक्षु इन होटलों व रेस्टोरेंट के बाहर भी भिक्षावृत्ति कर रहे है। प्रशासन को ऐसे भिक्षुओं को भी तत्काल हटाना चाहिए।

उज्जैन की संत कॉलोनी में बनाया घर, बिना एसी के रहेगा ठंडा

आईआईटी शिक्षित भाई बनवा रहे मिट्टी-गोबर का इको-फ्रेंडली घर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। शहर की पॉश कॉलोनी संत नगर में एक अनूठा और पर्यावरण-अनुकूल घर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। आईआईटी मुंबई से पढ़े प्रतीक यादव और आईआईटी खड़गपुर से पढ़े उनके भाई ऋतिक यादव अपने इस घर को पूरी तरह पारंपरिक और प्राकृतिक तरीकों से बनवा रहे हैं।इस घर की दीवारों पर पीली मिट्टी और गोबर का लेप किया जा रहा है, जबकि छत पर मिट्टी के खपरैल लगाए जा रहे हैं। दोनों भाइयों का दावा है कि इस निर्माण तकनीक से घर का तापमान बाहर के मुकाबले 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक कम रहेगा, जिससे एयर कंडीशनर की आवश्यकता काफी हद तक कम हो जाएगी।

प्रतीक और ऋतिक का बचपन गांव के सहज और सुकून भरे परिवेश में बीता है। उनके दादा कमल यादव और पिता गोपाल यादव दूध का व्यवसाय करते थे। कक्षा से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद दोनों भाइयों ने यूरोप, मुंबई और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में काम किया, लेकिन गांव की जीवन शैली से उनका जुड़ाव हमेशा बना रहा। प्रतीक



के अनुसार, शहर से दूर फार्म-हाउस पर रहना व्यावहारिक नहीं था, इसलिए उन्होंने शहर के बीचों-बीच संत नगर में ही ऐसा घर बनाने का निर्णय लिया, जहाँ शहरी सुविधाओं के साथ गांव जैसी शांति और प्राकृतिक माहौल मिल सके।

35 टन गोबर और पीली मिट्टी का इस्तेमाल हो चुका

करीब पांच महीने से बन रहे इस मकान में अब तक लगभग 35 टन गोबर और पीली मिट्टी का इस्तेमाल हो चुका है। दीवारों पर मिट्टी, गोबर और चूने का लेप लगाया जा रहा है, जिसे मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए उड़द दाल और गुड़ का मिश्रण मिलाया गया है। छत के लिए गुजरात से मिट्टी के खपरैल मंगवाए गए हैं, जबकि निर्माण में मध्य प्रदेश की रेड ब्रिक्स और ब्लैक स्टोन का उपयोग किया गया है। घर के दरवाजे और खिड़कियां उनके पुराने पुश्तैनी मकान की लकड़ी से तैयार हो रहे हैं। दीवारों को सजाने के लिए केमिकल पेंट की जगह गेरू से पारंपरिक आकृतियां बनाई जाएंगी।

ठंडा रखने हो रहा है 'अर्थ टनल' तकनीक का उपयोग

घर को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने के लिए 'अर्थ टनल' तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसमें तीन मोटे एयर डक्ट पाइप जमीन में लगभग 10 फीट नीचे से होकर 20 फीट लंबी चैनल के जरिए कमरों तक पहुंचते हैं। जमीन के नीचे का तापमान कम होने के कारण बाहर से आने वाली हवा ठंडी होकर कमरों में पहुंचेगी। ऋतिक बताते हैं कि प्रदेश में इस तकनीक का इस्तेमाल अभी नाममात्र जगहों पर ही हुआ है। इस निर्माण में रोजाना 15 लोग काम कर रहे हैं और लिपाई का काम गांव की महिलाएं संभाल रही हैं। इसके अलावा, परिवार के तीन कुत्तों के लिए भी मिट्टी से एक खास गोलाकार हिस्सा बनाया गया है। दोनों भाइयों ने अपनी कंपनी भी शुरू की है, ताकि वे दूसरों के लिए भी ऐसे प्राकृतिक घर बना सकें। दोनों भाईयों का कहना है कि दुनिया में बढ़ते प्रदूषण एवं गर्मी के कारण ऐसा प्राकृतिक घर की आवश्यकता जरुरी हो गई है।

भगवान महाकाल लोक रोप-वे का ठेका निरस्त, 258 करोड़ का नया टेंडर

कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर किया गया ठेका निरस्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



उज्जैन। शहर में रेलवे स्टेशन से महाकाल लोक तक प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित रोप-वे प्रोजेक्ट अब नई कंपनी के हाथों में होगा। कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ने ओडिशा की कंपनी मेसर्स इंफ्रा इंजीनियर्स को दिया गया ठेका निरस्त करने का निर्णय लिया है। यह ठेका करीब 199 करोड़ रुपए का था। इसके स्थान पर अब 258.37 करोड़ रुपए का नया टेंडर जारी किया गया है। अब यह कंपनी कार्य को गति प्रदान करेगी।

पुराने ठेके में 18 प्रतिशत जीएसटी और नए एसओआर दरें जुड़ने के कारण प्रोजेक्ट की लागत में लगभग 20 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

बीओटी मॉडल पर पूरा किया जाएगा प्रोजेक्ट

इस बार प्रोजेक्ट को बीओटी (बिल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) मॉडल पर पूरा किया जाएगा। इसके तहत निर्माण से लेकर संचालन तक की पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार कंपनी की होगी और सरकार पर सीधा वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। कंपनी यात्रियों से मिलने वाले किराए से अपनी लागत और लाभ की भरपाई करेगी तथा तय समयावधि पूरी होने के बाद रोप-वे को सरकार को सौंप देगी।

निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 18 महीने की सीमा

नए टेंडर के अनुसार निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 18 महीने की समय सीमा तय की गई है, जिससे मई 2028 तक इसके तैयार होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, सिंहस्थ 2028 से पहले श्रद्धालुओं को इसकी सुविधा मिल पाएगी या नहीं, यह वर्क ऑर्डर जारी होने और निर्माण की गति पर निर्भर करेगा।

रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक बनने वाले इस रोप-वे से तीर्थयात्रियों का सफर सुगम होगा और शहर में यातायात का दबाव कम करने में बड़ी मदद मिलेगी। इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को तेजी से किए जाने की योजना तैयार की गई थी, किन्तु ऐसा नहीं होने पर ठेका निरस्त किया गया।

सड़क पर खड़ी रही टीआई की गाड़ी

आवागमन होता रहा प्रभावित, दूसरी ओर वाहन चालकों पर कार्रवाई

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



शाजापुर। यातायात पुलिस का काम है बेतरतीब लगे वाहनों को व्यवस्थित करवाएं और लोगों को जाम से निजात दिलाएं। साथ ही यातायात के नियमों का पालन करवाकर शहर की यातायात व्यवस्था को मजबूत करें। लेकिन शनिवार शाम को जो नजारा देखने को मिला वह आश्चर्यचकित करने वाला था। क्योंकि खुद ट्रेफिक टीआई की गाड़ी की वजह से शहर के व्यस्ततम मार्ग पर जाम लगाया जा रहा था।

वैसे ही नगर की यातायात व्यवस्था सिर्फ भगवान भरोसे है। यहां दो पहिया और चार पहिया वाहनो के चालक कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं या कहीं भी वाहन निकालकर जाम लगा देते हैं। इससे पहले ही लोग परेशान हैं। उस पर शनिवार शाम को इस त्यौहारी सीजन में ट्राफिक टीआई लोगों की परेशानी का कारण बन गई। जिन्होंने अपना वाहन ऐसे खड़ा किया कि अन्य वाहन चालकों को निकलने के लिए जगह ही नहीं बची। इस दौरान ट्राफिक टीआई के कहने पर बेतरतीब खड़े चार पहिया वाहनों में लॉक लगाए जा रहे थे। लेकिन ट्राफिक टीआई को यह नजर नहीं आ रहा था कि उनका खुद का वाहन जाम का कारण बन रहा है।

नहीं संभल रही है शहर की यातायात व्यवस्था

भगवान भरोसे चल रही नगर की यातायात व्यवस्था जिन अधिकारी को सौंपी गई है वे भी इसे सुधारने में अब तक असफल नजर आई हैं। इसके पहले यातायात व्यवस्था कुछ ढर्रे पर थी लेकिन इनकी पदस्थापना से अब तक कोई परिवर्तन नजर नहीं आया है। वहीं शनिवार को इनके द्वारा की गई कार्रवाई ने किए कराए पर पानी फेर दिया।

सिग्नल तोड़ रहे लोगों पर नहीं हो रही कार्रवाई

नगर में लगाए ट्रेफिक सिग्नल का ट्रेफिक पुलिस अब तक पालन नहीं करवा पाई है। हालात ये हैं कि हर कोई रेड लाईट क्रास कर रहा है वह भी यातायात जवानों के सामने ही। क्योंकि जहां यातायात जवानो को तैनात होना चाहिए वह जगह हमेशा खाली पड़ी रहती है। जिसके चलते लोग बेफिक्र होकर रेड सिग्नल क्रास कर अपने हिसाब से वाहन चला रहे हैं। ऐसे में यदि कोई हादसा हो गया तो इसका जवाबदार कौन होगा।

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने रमेश, अभिजीत उपाध्यक्ष



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक चाणक्यपुरी स्थित वन विभाग के इको सेंटर पर संपन्न हुई। बैठक में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें संघ की आगामी कार्ययोजना तैयार करने के साथ ही विभिन्न कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से रमेश चंद्र चंद्रावत को लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ का अध्यक्ष एवं अभिजीत सिंह बैस को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष चंद्रावत एवं उपाध्यक्ष बैस का बैठक में उपस्थित जिलेभर के कर्मचारियों ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संघ की शेष कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा शीघ्र ही किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से गंगा सिंह सोलंकी, नरेंद्र सिंह राजपूत, अशोक वर्मा, परमानंद चौहान, सुभाष चंद्र शर्मा, एस.के. शाह, सत्यनारायण वर्मा, योगेंद्र शर्मा, जगदीश चंद्र मांगरोला, नरेंद्र लूनिया, दिलीप उपाध्याय, उदय राव गोनकर, हरि सिंह ठाकुर, विक्रम मालवीय, प्रहलाद यादव, कमलेश अवस्थी, दिनेश वर्मा, मोहम्मद फारुक खान, श्रीमती रानी यादव, दिवाकर रोजसकर एवं जगदीश जोशी सहित 52 विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नगर में 12 स्थानों से निकलेंगे विद्यार्थी पथ संचलन

देवास। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा देवास नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्यार्थी पथ संचलनों का आयोजन किया जाएगा। देवास नगर के चार उपनगरों के अंतर्गत कुल 12 स्थानों से संयुक्त विद्यार्थी पथ संचलन निकलेंगे।

इसके अतिरिक्त देवास नगर की मालीपुरा बस्ती का बस्ती संचलन तथा भोरासा नगर में विद्यार्थी संचलन भी आयोजित होगा। आयोजन के अंतर्गत गुरु गोविंद सिंह उपनगर के चार स्थानों कालानी बाग, जवाहर नगर, शासकीय विद्यालय क्रमांक 3 एवं चिमनाबाई विद्यालय क्षेत्र से संचलन निकाले जाएंगे। महाराणा प्रताप उपनगर के अंतर्गत भोंसले कॉलोनी एवं तुलजा विहार से, छत्रसाल उपनगर के अंतर्गत सनसिटी, अमोना, परशुराम गार्डन एवं बालगढ़ से तथा छत्रपति शिवाजी उपनगर के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय एवं विजयनगर से विद्यार्थी पथ संचलन निकलेंगे। इसके साथ ही देवास नगर की मालीपुरा बस्ती से बस्ती संचलन तथा भोरासा में एक विद्यार्थी संचलन निकाला जाएगा।

पदाधिकारियों ने समझीं दिवाली उत्सव की बारीकियां

रतलाम के महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर मनेगा उत्सव



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। रतलाम के प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर देवास में गत वर्ष से योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में नोटों से सजावट करने का क्रम शुरू किया गया है। गत वर्ष देवास के योगमाया महालक्ष्मी मंदिर को करीब 1 करोड़ 35 लाख रुपये के नोटों से सजाया गया था। इस वर्ष समिति ने 5 करोड़ के नोट व आभूषणों से सजावट का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इसी को देखते हुए योगमाया महालक्ष्मी मंदिर देवास के अध्यक्ष विमल शर्मा व अन्य सदस्य रतलाम पहुंचे, जहां उन्होंने महालक्ष्मी मंदिर के पुजारियों से मंदिर में नोटों की सजावट, पूजन प्रक्रिया, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व अन्य बारीकियां समझी।

इस दौरान रतलाम मंदिर के अश्विनी पुजारी व समिति सदस्य अशोक लाठी ने देवास से आए पदाधिकारियों का माताजी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मान व देवास में होने वाले आयोजन के लिए शुभकामना प्रेषित की। साथ ही मंदिर में होने वाले आयोजन संबंधी संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने बताया कि । रतलाम के प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर की तर्ज पर देवास के योगमाया महालक्ष्मी मंदिर में उत्सव मनाने का प्रयास किया जा रहा है।

आबकारी विभाग की कार्रवाई: 13 प्रकरण दर्ज, 1.40 लाख से अधिक की सामग्री जब्त

देवास। सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा गठित विशेष दलों द्वारा शनिवार को लगातार दूसरे दिन सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया। सर्चिंग के दौरान मदिरा के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध कुल 13 प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी विभाग ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की, जिसका अनुमानित मूल्य 1 लाख 40 हजार 400 रुपये से अधिक है। जब्त सामग्री में 3 बोतल व्हिस्की, 4 पाव व्हिस्की और 6 बीयर, 179 पाव देशी मदिरा प्लेन तथा 30 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा शामिल है, वहीं अवैध शराब बनाने के उद्देश्य से छुपाकर रखा गया लगभग 1100 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया।

निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रदर्शित की गई राष्ट्रीय एकता

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



देवास। महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. जीडी सोनी के मार्गदर्शन में निबंध लेखन, चित्रकला सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

डॉ. क्रांतदर्शी सिंदल ने छात्राओं को सरदार वल्लभ भाई पटेल के बारे में बताते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई। डॉ. शर्मिला कांटे ने राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। चित्रकला प्रतियोगिता में खुशी जाटव प्रथम, महक खान द्वितीय और भुमेश्वरी परमार तृतीय रहीं। निबंध प्रतियोगिता में अलीशा खान प्रथम, कशिश अंसारी द्वितीय तथा ऋषिका पांचाल और शिवानी सिलोदिया संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। रेड रिबन क्लब के अंतर्गत एचआईवी/एड्स जागरूकता व्याख्यान भी हुआ।

आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर में समारोहपूर्वक मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस

आत्मनिर्भर हो रहा है मध्य प्रदेश: सिलावट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



देवास। आज हम सभी के लिए गौरव, स्वाभिमान और आत्मगौरव का दिन है। यह पावन धरा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की तपोभूमि चित्रकूट, भगवान श्रीकृष्ण जी की शिक्षा स्थली उज्जैन, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और ओंकारेश्वर की पहचान संजोए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार में मध्य प्रदेश आत्मनिर्भर और विकसित हो रहा है। हमें भी इस विकास यात्रा का सहभागी बनना है। उक्त विचार जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने व्यक्त किए। सिलावट मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मल्हार स्मृति मंदिर में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, वंदे मातरम एवं मध्यप्रदेश के गान से किया गया।

इस अवसर पर देशभक्ति गीतों और विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति रवि जैन ने स्वागत संबोधन दिया तथा धनराज परमार ने वंदे मातरम एवं मध्य प्रदेश गान का सस्वर गायन किया।

उत्कृष्ट कृषकों एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

समारोह में किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित कृषि क्विज के 3 विजेताओं और जिले में आधुनिक एवं उत्कृष्ट खेती करने वाले प्रगतिशील कृषकों को मंच से विशेष प्रोत्साहन देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार के तौर पर ग्राम खरदा, तहसील खातेगांव के कृषक मनोहर पंवार को ट्रैक्टर हेतु 6,80,000 रु. की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। द्वितीय पुरस्कार के तौर पर बुलेट हेतु ग्राम तलोद, तहसील सोनकच्छ के कृषक विशाल यशोना को 1,72,444 रु. की राशि और प्रमाण पत्र दिया गया। तृतीय पुरस्कार के तौर पर स्कूटी हेतु ग्राम रतनखेड़ी, तहसील टोंकखुर्द के कृषक ओमप्रकाश वैष्णव को 1,20,000 रु. की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत कर सम्मानित किया गया। समारोह में आत्मा परियोजना एवं नाबार्ड के जीवा कार्यक्रम के अंतर्गत रसायनमुक्त प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाने वाले उत्कृष्ट कृषकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

तीन दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

इस दौरान तीन दिवसीय विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की जनकल्याणकारी नीतियों, फ्लैगशिप योजनाओं एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों पर केंद्रित आकर्षक चित्र प्रदर्शनी तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा उन्नत कृषि अनुसंधानों, आधुनिक यंत्रों और स्थानीय जैविक उत्पादों पर लगाई गई प्रदर्शनी का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और किसानों के नवाचारों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, राजेश यादव, भेरूलाल अटरिया, राजीव खंडेलवाल, संजय दायमा, एसपी आदित्य मिश्रा, सीईओ जिपं नवीत कुमार धुर्वे, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिक बड़ी संख्या मेंमौजूद रहे।

पटेल की जयंती पर सद्भावना दौड़

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



शाजापुर। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शनिवार को सद्भावना दौड़ (रन फार यूनिटी) निकाली गई। दौड़ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर से शुरू हुई और स्टेडियम मैदान पर खत्म हुई।

इस दौड़ से पहले क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने स्कूली बच्चों और अलग-अलग विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के बारे में बताया। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। विधायक अरुण भीमावद, कलेक्टर डॉ. परीक्षित संजय राव झाडे और एसपी प्रियंका शुक्ला ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से शुरू होकर ट्रैफिक पाइंट और शहरी हाईवे से गुजरी। स्टेडियम मैदान पर इसका समापन हुआ।

पाटीदार समाज ने सरदार पटेल संदेश यात्रा निकाली

पाटीदार समाज ने सरदार पटेल संदेश यात्रा निकाली। यात्रा दुपाड़ा रोड स्थित पाटीदार छात्रावास से शुरू हुई और शहर के कई इलाकों से गुजरने के बाद वहीं समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने हाथों में भगवा झंडे लेकर सरदार पटेल अमर रहें के नारे लगाए। बालिकाओं ने अखाड़े की प्रस्तुतियां दीं। अलग-अलग स्कूलों के छात्र-छात्राएं भी यात्रा में शामिल हुए। खुली जीप में रखी सरदार पटेल की प्रतिमा यात्रा का मुख्य आकर्षण रही। घोड़े, बग्गी और अखाड़े की प्रस्तुतियां भी यात्रा में शामिल थीं। घोड़ों पर सवार प्रतिभागियों ने यात्रा की अगुवाई की। शहर में पहुंचने पर अलग-अलग संगठनों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा शहरी हाईवे से होते हुए ट्रैफिक पाइंट, फव्वारा चौक, टेंशन चौराहा, काछीवाड़ा, मगरिया चौराहा, सोमवारिया बाजार, छोटा चौक, आजाद चौक और नई सड़क से गुजरी। इस यात्रा में ओमप्रकाश चौधरी, विधायक अरूण भीमावद, जुगल नाहर, राम पाटीदार, मोनू पटेल, गोपाल कलसंग्रह, विजेंद्र पाटीदार, दिलीप पाटीदार मौजूद रहे।

मृदुभाषी

अशोकनगर-गुना-राजगढ़-इंदौर

इंदौर, सोमवार, 02 नवम्बर 2026

गुटबाजी की भेंट चढ़ी भाजयुमो कार्यकारिणी, पिछले दो साल से नहीं हो सका कार्यकारिणी का गठन

बिना कार्यकारिणी एक कार्यकाल, अब तक अध्यक्ष का नाम भी तय नहीं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। राजनीति में चचाएं और महत्वाकांक्षाएं कब किस मोड़ पर आकर थम जाएं, इसका सटीक उदाहरण इन दिनों गुना का भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) बना हुआ है। हाल यह है कि कार्यकाल बीत जाने और प्रदेश संगठन में बड़े बदलाव होने के बावजूद गुना भाजयुमो की जिला कार्यकारिणी का गठन पिछले दो साल से लटका हुआ है।

हालात ऐसे हैं कि प्रदेश के 27 जिलों में कार्यकारिणी घोषित हो चुकी है, लेकिन गुना का युवा मोर्चा अभी भी 'असमंजस के चौराहे' पर खड़ा है।

वीडी शर्मा से लेकर हेमंत खंडेवाल तक बदले चेहरे

वक्त के साथ प्रदेश की सियासत और संगठन की धुरी में कई बड़े बदलाव आ चुके हैं। जब गुना में गजेंद्र सिकरवार जिला अध्यक्ष हुआ करते थे, तब प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसके बाद वीरेंद्र धाकड़ को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। इस बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर भी बदलाव देखा गया-वीडी शर्मा के बाद अब हेमंत खंडेवाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वहीं, भाजयुमो के स्तर पर भी वैभव



पंवार की जगह अब श्याम टेलर को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिल चुकी है। बावजूद इसके, गुना में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र धाकड़ के सामने अपनी टीम खड़ी करना किसी अग्निपरीक्षा से कम साबित नहीं हो रहा है। यह अग्नि परीक्षा वीरेन्द्र पास कर पाते है या नहीं? या देखना होगा। फिलहाल तो राजनीति में रुचि रखने वाले लोग इसे लेकर चटखारे लेने में लगे हुए है।

'पुरानी भाजपा' बनाम 'सिंधिया समर्थक'

जिले की सियासत में 'पुरानी भाजपा' और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों का तालमेल बिठाना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। जानकारों की मानें तो गुना में सिंधिया समर्थकों की खासी भरमार है, जो युवा मोर्चा में अपना राजनीतिक भविष्य तलाश रहे हैं। दूसरी ओर, पार्टी के निष्ठावान 'मूल भाजपाई' यानी पुरानी भाजपा के नेता भी इस पद के लिए प्रबल दावेदार हैं। मूल भाजपाई पृष्ठभूमि से आने वाले जिला अध्यक्ष वीरेंद्र धाकड़ के लिए दोनों पक्षों को साधना तलवार की धार पर चलने जैसा साबित हो रहा है। इसके अलावा, कई युवा पार्षद और बड़े नेताओं के बेटे भी बड़े पदों की आस लगाए बैठे हैं, जिससे समीकरण और अधिक उलझ गए हैं।

आखिर कब टूटेगा खामोशी का तिलिस्म?

एक तरफ वीरेंद्र धाकड़ का मूल भाजपाई होना और दूसरी तरफ अलग-अलग क्षत्रपों की अपनी-अपनी जिद, इन दोनों के बीच गुना भाजयुमो की नैया भंवर में फंस गई है। हालात यह हैं कि कार्यकर्ता और दावेदार सिर्फ घोषणा का इंतजार करते-करते ही थक चुके हैं। अब देखना यह होगा कि संगठन की यह गुटबाजी कब थमती है और गुना भाजयुमो को उसकी नई टीम कब नसीब होती है। या फिर ऐसा ही चलता रहता है।

गांजे के 26 पौधे जब्त एक आरोपी गिरफ्तार



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्स विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी ओमप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुशवाह के नेतृत्व में थाना कचनार पुलिस द्वारा ग्राम बांसखेड़ी में दबिश देकर अवैध रूप से उगाए गए गांजे के 26 छोटे-बड़े पौधे, कुल वजन 26 किलोग्राम, जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

घर के आंगन में उगाएं गए थे पौधे

पुलिस के अनुसार चौकी प्रभारी राजपुर उप निरीक्षक गौरीशंकर ओझा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बांसखेड़ी निवासी अशोक पुत्र रामसिंह यादव द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध रूप से गांजे के पौधे उगाए जा रहे हैं। हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा पंच साक्षियों के साथ मौके पर पहुंचकर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी अशोक पुत्र रामसिंह यादव, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम बांसखेड़ी के घर के आंगन में गांजे के 26 छोटे-बड़े पौधे लगे हुए पाए गए। पुलिस टीम द्वारा उक्त पौधों को उखड़वाकर उनका वजन कराया गया, जो कुल 26 किलोग्राम पाया गया। जब्त गांजे के पौधों की अनुमानित कीमत 13,000 रुपये आंकी गई है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुशवाह, चौकी प्रभारी राजपुर उप निरीक्षक गौरीशंकर ओझा, उप निरीक्षक भरत सोलंकी, सहायक उप निरीक्षक तेज सिंह, प्रधान आरक्षक शिवेन्द्र रघुवंशी, आरक्षक राहुल शर्मा, लोकेन्द्र लोधी, सत्येन्द्र कुशवाह, राजीव शर्मा, अखलेश कुमार, ज्ञान सिंह, केरन सिंह, दीपक राय, चालक आरक्षक मनीष रघुवंशी, महिला आरक्षक शिमला कश्यप एवं महिला आरक्षक आयशा खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

न्याना चौराहे पर पलटी यात्री बस, मची अफरा-तफरी

गुना। म्याना स्थित व्यस्त बाजार और चौराहे पर शनिवार रात 31 अक्टूबर को करीब साढ़े 11 बजे उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब गुना से शिवपुरी की ओर जा रही 'सिंह ब्रदर्स' की यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना नेशनल हाईवे स्थित म्याना चौराहे पर पेट्रोल पंप के पास की है। बताया जा रहा है कि म्याना में सवारी उतारने के लिए बस चालक ने जैसे ही एकदम से ब्रेक लगाए, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक का पिछला कोना बस से टकरा गया। इस टक्कर के कारण बस एक तरफ पलट गई। बाजार के बीचों-बीच बस पलटते ही चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर तुरंत राहत कार्य शुरू किया और बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। ईश्वरी की कृपा रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर गुना में भव्य समारोह

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। मध्य प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित शुभ विदाई गार्डन में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिले की विकास उपलब्धियों, स्थानीय उत्पादों और महिला स्व-सहायता समूहों के कार्यों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि विधायक पन्नालाल शाक्य ने श्रमिकों को नियमानुसार न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया, वहीं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शिक्षा, उद्यानिकी और औद्योगिक गतिविधियों में जिले की प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों से जिले को एक नई पहचान मिल रही है। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तथा किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज-2026 के जिला स्तरीय विजेताओं को पुरस्कार राशि व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि देशभक्ति गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और आकर्षक प्रदर्शनियों ने इस पूरे समारोह को बेहद गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक हितिका वासल सहित जिले के तमाम प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार : कलेक्टर

समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि गुना जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और अनेक विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के अनुरूप आगे बढ़ने तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने यह भी कहा कि उद्यानिकी के क्षेत्र में जिला बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और किसान इन गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं, तथा जिले में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार होने से हाईवे के आसपास नए क्षेत्र विकसित हो रहे हैं, जिससे प्रगति को और अधिक गति मिलेगी। इस भव्य समारोह में विधायक पन्नालाल शाक्य, जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, उपाध्यक्ष धरम सोनी, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य आशीष टांटिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन एसडीएम गुना शिवानी पांडे द्वारा किया गया।

गुना में दाखिल हुई सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' रविवार को राजगढ़ जिले से आगे बढ़ते हुए गुना जिले में प्रवेश कर गई, जिसका रविवार का मुख्य पड़ाव चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में रहा।

यात्रा के दौरान दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया गठबंधन के रामलीला मार्च का सीधा प्रसारण एलईडी वैन के माध्यम से यात्रियों को दिखाया गया, जिसे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित यात्रा में शामिल सभी लोगों ने देखा और राहुल गांधी का भाषण सुना। यात्रा के बीच इस सीधे प्रसारण को दिखाने का मुख्य उद्देश्य चंदा चोरी और मत चोरी के मुद्दे को लेकर देशभर में चल रहे आंदोलन के प्रति जनजागरूकता का संदेश देना था, क्योंकि यह यात्रा भी धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा दिए जाने वाले दान के पारदर्शी उपयोग तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और मत चोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आगे बढ़ रही है। रविवार सुबह कालीपीठ से पदयात्रा प्रारंभ होकर ग्राम बनानिया, खारपरस, भवानीपुरा, चौकी चन्दरपुरा और संवासड़ा होते हुए आगे बढ़ी, जहां रास्ते में ग्रामीणों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया और अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इसके बाद दोपहर में यात्रा ने अपने दूसरे चरण में ग्राम बड़ी मुरैली और गैला का पुरा होते हुए नयापुरा जोड़ की ओर प्रस्थान किया।

देश के साथ विकसित मध्य प्रदेश का निर्माण हमारा लक्ष्य: पंवार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

राजगढ़। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़ में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश है। 01 नवम्बर, 1956 को प्रदेश का गठन हुआ था। यह दिवस हमारी गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 के बाद प्रदेश में विकास को नई गति मिली।

तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में रखी गई विकास की मजबूत नींव को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है। सिंचाई, सड़क, अधोसंरचना, शिक्षा,



कृषि, उद्योग, दुग्ध एवं मत्स्य उत्पादन सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा महत्वपूर्ण : नागर

सांसद रोडमल नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हम सभी का सामूहिक संकल्प और दायित्व है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रत्येक नागरिक को सक्रिय सहभागिता निभानी होगी।उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को विकास के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवाओं एवं विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। साथ ही विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

समारोह के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले तहसीलदार एवं पटवारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में तहसीलदार जीरापुर सोनू गुप्ता, पटवारी खिलचीपुर सचिन जायसवाल तथा पटवारी राजगढ़ बृजराज परमार, अंकित खरे, अनिल कुमार शर्मा एवं राजेंद्र सुमन शामिल हैं।

गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को सम्मानित किया गया। कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला राजगढ़ द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। प्रतियोगिता में राजगढ़, नरसिंहगढ़, ब्यावरा, जीरापुर एवं धाकड़ क्षेत्र के पशुपालकों ने भाग लिया।

आयोजन सकल हिन्दू समाज की बैठक का हुआ आयोजन

सामाजिक समरसता, नशामुक्ति का लिया संकल्प

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर।



सर्व ब्राह्मण धर्मशाला में सकल हिंदू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी एवं भारत माता के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस दौरान सामाजिक समरसता, संगठन के विस्तार के साथ ही नशा मुक्ति का संकल्प लिया गया।

बैठक में प्रदेश मंत्री अभय खेर ने संगठन की रूपरेखा, विचारधारा एवं आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि सकल हिंदू समाज का उद्देश्य सभी समाजों एवं सामाजिक संगठनों को एक मंच पर जोड़कर आपसी प्रेम, भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सकारात्मक सोच को मजबूत करना है।

राष्ट्रहित के लिए एकजुट हों सभी समाज : मिश्रा

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकल हिंदू समाज कोई राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि समाज सेवा और सामाजिक समरसता का एक व्यापक अभियान है। हमारा उद्देश्य सभी समाजों को साथ लेकर नर सेवा नारायण सेवा के भाव से सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना है। समाज के युवाओं को राष्ट्रभक्ति, संस्कार एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है।

एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत : जैन

जिला अध्यक्ष दिनेश जैन ने संगठन की एकजुटता का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार झाड़ू की सभी तीलियां एक साथ जुड़कर कचरे को साफ करती हैं, लेकिन अलग-अलग होने पर स्वयं कचरे के समान हो जाती हैं, उसी प्रकार हमें सभी भेदभाव भुलाकर एकजुट होकर कार्य करना होगा। अध्यक्षता कर रहे वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राजेश बालू ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को संगठन की परम आवश्यकता है। सकल हिंदू समाज द्वारा सभी समाजों को एक मंच पर लाने का प्रयास सराहनीय है।

विभिन्न समाजों के प्रमुखों को सौंपी गई जिम्मेदारी

बैठक में पंजाबी समाज से तेजिंदर खुराना, मांगी सरदार, नामदेव समाज से रघुवीर नामदेव, हर्षवर्धन नामदेव, मोहन नामदेव, राकेश नामदेव, शाक्य समाज से दयालू एवं करण सिंह पंथी, साहू समाज से कैलाश साहू (साडोरा), सुमन समाज से बृजभूषण सुमन, गुप्ता समाज से कैलाश गुप्ता, यादव समाज से मनेंद्र एवं महेंद्र सिंह यादव, रघुवंशी समाज से माधव सिंह रघुवंशी एवं अरविंद सिंह रघुवंशी, छीपा समाज से गोपाल नामदेव, बैरागी समाज से परमाल सिंह बैरागी, रजक समाज से राकेश रजक, गोलू रजक, हरवीर रजक एवं रामकृष्ण रजक, चौरसिया समाज से दिनेश चौरसिया एवं जगदीश चौरसिया, पुजारी संघ से अनिल शर्मा, दुर्गेश भार्गव एवं बंटी शर्मा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त राजपूत समाज से रामप्रवेश राजपूत, अहिरवार समाज से राजेश खरे, ब्राह्मण समाज से धर्मेंद्र तिवारी, विपिन शर्मा, डॉ. एस. दुबे, शिवराम शर्मा, तोमन, अनिल शर्मा एवं शिव प्रताप दुबे, जैन समाज से अरविंद भंडारी एवं हेमंत जैन, सोनी समाज से राजेश सोनी तथा केवट समाज से रामकृष्ण केवट

अनर्गल प्रलाप कर रहा विपक्ष : अग्रवाल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को स्थानीय माधव भवन में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ को लेकर अशोकनगर विधानसभा की प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल ने भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, लोकतंत्र की मजबूती संवैधानिक मूल्यों की रक्षा तथा समाज में शांति सुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने विपक्षी दलों विशेष कर कांग्रेस द्वारा वर्तमान में देश में बनाए जा रहे अराजकता भरे हालत की कड़ी आलोचना की । उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग



द्वारा मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए एसआईआर कराई जा रही है। जिसमें फर्जी मतदाताओं को हटाया जा रहा है, लेकिन यह बात कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के समझ नहीं आ रही और वह अनावश्यक रूप से अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। देश का प्रबुद्ध वर्ग विपक्ष के देश में अराजकता फैलाने के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ

उन्होने कहा कि जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है, जिसके चलते केंद्र तथा कई राज्यों में सुचारू रूप से भाजपा की सरकारें चल रही है और आमजन की सेवा कर रही है। संगोष्ठी को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अध्यक्षीय भाषण भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने दिया। संचालन जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी ने एवं आभार टोली के संयोजक प्रताप भान सिंह यादव ने व्यक्त किया। इस दौरान मंच पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, लड्डू राम कोरी, गजराम सिंह यादव, नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष जैन उमेश रघुवंशी, मलकीत सिंह संधू रोशन कोहली आदि उपस्थित थे।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)